दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
टोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा से एक साथ प्रकाशित
• Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ///
वर्ष : 11 | अंक : 297 | टोंक | शनिवार,13 जुलाई, 2024 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष सप्तमी संवत्-2081 | भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹1.00 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव में बजा एनडीए का डंका, क्रॉस वोटिंग ने बिगाड़ा विपक्ष का खेल



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र विधान परिषद की 11 सीटों पर हुए चुनाव के नतीजे आ गए है। 12 जुलाई शाम 4 बजे तक मतदान हुआ और फिर वोटों की गिनती हुई। महाराष्ट्र एमएलसी चुनाव में 11 सीटों में से एनडीए के सभी 9 उम्मीदवारों को जीत मिली है जबकि विपक्षी खेमे से महाविकास अघाडी के तीन में से 2 उम्मीदवारों को जीत हुई है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, एमएलसी चुनाव में 6 विपक्षी विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की है। इस वजह से नतीजे सत्तारूढ़ दलों के पक्ष में आया है। बीजेपी नेताओं ने दावा किया कि विपक्ष के वोट मिलने की वजह से हमारे सभी 9 उम्मीदवार विजयी हुए हैं।

महाविकास अघाडी ने तीन उम्मीदवार उतारे थे, जिनमें से दो उम्मीदवारों ने ही जीत हासिल की है। शेतकारी कामगार पार्टी (शेकाप) के जयंत पाटिल हार गए हैं।

विधान परिषद की 11 सीटों के लिए 12 उम्मीदवार मैदान में थे। इससे मुकाबला बेहद दिलचस्प हो गया। बड़े दलों ने अपने मतों को टूटने से बचाने के लिए अपने विधायकों को शहर के विभिन्न होटलों में ठहराया था। इसके बावजूद क्रॉस वोटिंग होने से नंबर गेम बदल गया। महाराष्ट्र विधानसभा में कुल 288 विधायक है। लेकिन 14 रिक्तियों के कारण 274 विधायकों ने मतदान किया।

### किस पार्टी से कौन जीता?

महाराष्ट्र विधान परिषद की 11 सीटों पर चुनाव के लिए बीजेपी ने 5 उम्मीदवार मैदान में उतारे थे। सभी जीत गए है। बीजेपी से पंकजा मुंडे, परिणय फुके, अमित गोरखे, योगेश टिलेकर, सदाभाऊ खोत विजयी हुए है।

वहीँ एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने पूर्व सांसद भावना गवली, कृपाल तुमान को मौका दिया है। दोनों प्रत्याशी विजयी हुए है। वहीँ, एनसीपी अजित पवार गुट से राजेश विटेकर, शिवाजी गरजे मैदान में थे और जीत गए है।

वहीँ, विपक्षी खेमें में कांग्रेस की प्रज्ञा सातव और उद्धव ठाकरे की शिवसेना से मिलिंद नार्वेकर जीत गए है। जबकि एनसीपी शरद पवार गुट ने शेकाप से जयंत पाटिल को समर्थन दिया है। लेकिन क्रॉस वोटिंग की वजह से वह हार गए है।

### कैसे बदला नंबर गेम?

एमएलसी चुनाव जीतने के लिए उम्मीदवारों को 23 प्रथम वरीयता वोट प्राप्त करने की जरुरत थी। बीजेपी के सबसे ज्यादा 5 उम्मीदवार मैदान में थे। इन्हें जीतने के लिए बीजेपी को कुचल 115 वोटों की जरूरत थी। बीजेपी के संख्या बल को देखते हुए उसे तीन वोट कम पड़ रहे थे। जो नतीजो में उसे मिलते दिख रहे है।

वहीँ, शिंदे सेना के दो उम्मीदवार मैदान में थे। शिवसेना के पास 39 अपने विधायक और 10 निर्दलीय विधायक का समर्थन था। इसलिए शिंदे की शिवसेना के दोनों उम्मीदवारों का जीतना तय था। जबकि अजित पवार गुट के पास 39 एनसीपी विधायक हैं। उसके दोनों प्रत्याशियों की जीत के लिए 7 वोट कम पड़ रहे थे। लेकिन अजित दादा के उम्मीदवारों की नैया कुछ निर्दलियों, छोटे दलों और विपक्ष के क्रॉस वोटों से पार हो गई। उद्धव ठाकरे की शिवसेना के पास 15 अपने विधायक थे। इसके अलावा एक निर्दलीय विधायक का समर्थन भी प्राप्त था। इसलिए उन्हें 7 और वोटों की जरूरत थी। चुनाव नतीजे आने के बाद साफ हो गया है कि ये वोट उन्हें मिल गए हैं। वहीँ, शेकाप के जयंत पाटिल शरद पवार गुट के समर्थन से एमएलसी चुनाव लड़ रहे थे। वरिष्ठ पवार के पास 15 विधायक हैं। जबकि जयंत पाटिल की पार्टी के एक विधायक का समर्थन भी मिला। ऐसे में उनके पास 16 वोट थे और जीत के लिए 7 और वोटों की दरकार थी। जो पूरी नहीं हुई।

### कांग्रेस में लगी सेंध?

**महाराष्ट्र विधान परिषद की 11 सीटों के चुनाव में कांग्रेस के वोट सबसे महत्वपूर्ण और निर्णायक थे। कांग्रेस के पास 37 वोट हैं। पार्टी प्रत्याशी प्रज्ञा सातव को जीत के लिए प्रथम वरीयता के 23 वोटों की जरूरत थी। इसके बाद पार्टी के पास 14 वोट बचे थे। माना जा रहा है कि एमएलसी चुनाव का अंतिम नतीजा कांग्रेस के वोट से ही तय हुआ है। शेकाप नेता और उम्मीदवार जयंत पाटिल ने पहले ही दावा किया था कि कांग्रेस के 4 विधायक क्रॉस वोटिंग करेंगे।**

# 25 जून संविधान हत्या दिवस घोषित

## केंद्र सरकार का ऐलान, नोटिफिकेशन जारी; 1975 में इसी दिन लगा थी इमरजेंसी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस घोषित कर दिया। गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार 12 जुलाई को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। सरकार ने इसका नोटिफिकेशन भी जारी किया है। शाह ने लिखा, 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपनी तानाशाही मानसिकता को दर्शाते हुए देश में आपातकाल लगाकर भारतीय लोकतंत्र की आत्मा का गला घोंट दिया था। लाखों लोगों को अकारण जेल में डाल दिया गया और मीडिया की आवाज को दबा दिया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाना इस बात की याद दिलाएगा कि उस दिन क्या हुआ था और भारत के संविधान को कैसे कुचला गया था। ये भारत के इतिहास में कांग्रेस द्वारा लाया गया एक काला दौर था। उधर, कांग्रेस ने सरकार के इस फैसले को एक और सुर्खियां बटोरने वाली कवायद बताया। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा, यह नॉन बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री की एक और सुर्खियां बटोरने वाली कवायद है, जिसने दस साल तक अघोषित आपातकाल लगाया था। उसके बाद भारत के लोगों ने उसे 4 जून, 2024 को एक निर्णायक व्यक्तिगत, राजनीतिक और नैतिक हार दी- जिसे इतिहास में मोदी मुक्ति दिवस के रूप में जाना जाएगा।

25 जून 1975 को देश में 21 महीने के लिए इमरजेंसी लगाई गई थी। तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी के कहने पर राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने इमरजेंसी के आदेश पर दस्तखत किए थे। इसके बाद इंदिरा ने रेडियो से आपातकाल का ऐलान किया। आपातकाल की जड़ें 1971 में हुए लोकसभा चुनाव से जुड़ी थीं, जब इंदिरा ने रायबरेली सीट पर एक लाख से भी ज्यादा वोट से संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के राजनारायण को हराया था। लेकिन राजनारायण चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट पहुंचे।

12 जून 1975 को हाईकोर्ट ने इंदिरा का चुनाव निरस्त कर 6 साल तक चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी। वे 23 जून 1975 को सुप्रीम कोर्ट पहुंचीं। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर पूरी तरह रोक नहीं लगाई और इंदिरा को प्रधानमंत्री बने रहने की इजाजत दे दी। इसके बाद इंदिरा ने देश में इमरजेंसी का ऐलान कर दिया।


भारत का राजपत्र
The Gazette of India

### पीएम ने कहा था- इमरजेंसी लगाने वाले संविधान पर प्यार न जताएं

इस साल 25 जून को इमरजेंसी की 49वीं बरसी थी। इससे एक दिन पहले यानी 24 जून को 18वीं लोकसभा के पहले सत्र में विपक्षी सांसदों ने संविधान की कॉपी लेकर शपथ ली थी। इसे लेकर प्रधानमंत्री ने कांग्रेस की आलोचना की। उन्होंने ट्वीटर पर एक पोस्ट में लिखा कि इमरजेंसी लगाने वालों को संविधान पर प्यार जताने का अधिकार नहीं है। पीएम मोदी ने एक के बाद एक ट्वीटर पर चार पोस्ट किए। उन्होंने कहा जिस मानसिकता की वजह से इमरजेंसी लगाई गई, वह आज भी इसी पार्टी में जिंदा है। इसके जवाब में कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने कहा कि देश को दूसरी इमरजेंसी से बचाने के लिए जनता से इस बार वोट किया है। हमारे संविधान ने ही जनता को आने वाली एक और इमरजेंसी रोकने की याद दिलाई है।

संसद सत्र (24 जून से 3 जुलाई) शुरू होने से आधे घंटे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इमरजेंसी का जिक्र किया।

# विधानसभा : हरीश चौधरी बोले- पेपर लीक के पीछे कोचिंग इंस्टीट्यूट

## एडीजी वीके सिंह सक्षम अफसर, हाथ मत बांध देना

बढ़ता राजस्थान





**जयपुर।** विधानसभा में कांग्रेस विधायक हरीश चौधरी ने पेपर लीक और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि पेपर लीक विद्यार्थी नहीं करते, बल्कि इनके पीछे कोचिंग इंस्टीट्यूट है। इस पर भाजपा विधायक चुटकी लेते हुए बोले- 'कौनसा कोचिंगज्यह भी बता दो'। इस पर चौधरी बोले- इतनी गंभीर बात को हल्के में उड़ाओ, नहीं तो इतिहास माफ नहीं करेगा। एक या दो कोंचिग संस्थान को बंद करने से इस व्यवस्था में परिवर्तन नहीं होगा, बल्कि इसकी जड़ में जाना पड़ेगा।

### राजस्थान में शिक्षकों के ट्रांसफर पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का बड़ा बयान, सुनकर चौंके टीचर

चौधरी ने पेपर लीक की जांच में लगाए अधिकारी एडीजी वी. के. सिंह की तारीफ करते हुए कहा कि सरकार ने बहुत सक्षम अधिकारी लगाया है। बस ध्यान रखना, उनके हाथ बांध मत देना। ऐसे सक्षम अधिकारियों के हाथ कोई दूसरा नहीं बांधता है, बल्कि सदन में बैठे हम ही ऐसा करते हैं। नीट, रीट से लेकर सभी परीक्षाओं के लिए कह रहा हूं। पेपर लीक करने वाले दोषियों को जेल तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सरकार की है।

### 'जांच सीबीआई को देने की गुजारिश कर लेते है'

भाजपा विधायक पुष्पेंद्र सिंह बोले- हमने तो कहा था कि जांच सीबीआई को दे दो। आप लोगों ने ही सीबीआई में जाने से रोका। इस पर हरीश चौधरी ने कहा कि- आप तो मेरे जैसे सामान्य विधायक हो लेकिन कैबिनेट के पास तो पावर है। जांच सीबीआई को देने की आप और मैं दोनों गुजारिश कर लेते हैं।

### हमने वाहवाही लूटने की कोशिश की, लेकिन युवाओं ने हमें जगह दिखा दी

चौधरी ने कहा कि हम सब वाहवाही लूटने के लिए युवाओं को सरकारी नौकरी के सपने दिखा रहे हैं। वाहवाही लूटने की हमने भी बहुत कोशिश की। राजस्थान का युवा बहुत जागरूक है। उन्होंने हमको हमारी जगह दिखा दी। कल आपको (भाजपा) हमारी जगह नहीं दिखा दें, इसके लिए चेता रहा हूं।

# आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम जगन रेड्डी के खिलाफ एफआईआर

**गुंटूर।** आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी और दो आईपीएस अफसरों समेत 5 लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है। सत्तारूढ़ तेलुगु देशम पार्टी विधायक और पूर्व सांसद के रघुराम कृष्ण राजू ने पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। के रघुराम कृष्ण राजू का आरोप है कि जगन रेड्डी ने आईपीएस पीवी सुनील कुमार और आईपीएस पीएसआर सीतारमंजनेयुलु के साथ मिलकर उनके खिलाफ आपराधिक साजिश रची। मामले में रिटायर्ड पुलिस अधिकारी आर विजय पॉल और गुंटूर सरकारी जनरल अस्पताल की पूर्व सुपरिटेंडेंट जी प्रभावत भी आरोपी हैं। श्रीरघुराम कृष्ण राजू को 14 मई 2021 में कोविड-19 महामारी के बीच गिरफ्तार किया गया था। उनका आरोप है कि पूर्व सरकार में सीबी-सीआईडी ने उनके खिलाफ झूठा मामला दर्ज किया था। इसके बाद गलत तरीके से गिरफ्तार कर लिया गया। विधायक ने आरोप लगाया कि तत्कालीन मुख्यमंत्री की आलोचना करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई थी।

# केजरीवाल को ईडी केस में जमानत

## सीबीआई केस में जेल में ही रहेंगे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** शराब नीति घोटाले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अंतरिम जमानत दे दी है। जस्टिस संजीव खन्ना ने जमानत देते हुए कहा- केजरीवाल 90 दिन से जेल में हैं। इसलिए उन्हें रिहा किए जाने का निर्देश देते हैं। हम जानते हैं कि वह चुने हुए नेता हैं और ये उन्हें तय करना है कि वे मुख्यमंत्री बने रहना चाहते हैं या नहीं।



जस्टिस खन्ना ने कहा- हम ये मामला बड़ी बेंच को ट्रांसफर कर रहे हैं। गिरफ्तारी की पॉलिसी क्या है, इसका आधार क्या है। इसके लिए हमने ऐसे 3 सवाल भी तैयार किए हैं।




# जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा की मॉनिटरिंग से आमजन को मिल रही है राहत

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा लोगों की समस्याओं की नियमित मॉनिटरिंग कर उन्हें राहत प्रदान कर रही है। जिले के लोगों को बिजली, पानी, चिकित्सा, सड़क, वर्षा ऋतु में जल भराव, साफ-सफाई समेत अन्य परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े इसके लिए जिला कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आमजन की समस्याओं पर त्वरित राहत देने के निर्देश दिए है। अधिकारी भी लोगों की समस्याओं का शीघ्र निदान कर रहे है।

अधिकारियों की तत्परता से लोगों की समस्याओं का हो रहा है समाधान

जिला कलेक्टर के निर्देश एवं जिले के अधिकारियों एवं कार्मिकों की तत्परता से आमजन की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जा रहा है। टोंक शहर के हाउसिंग बोर्ड एवं सरपंच कॉलोनी में फॉल्ट आने के कारण विद्युत सप्लाई



बाधित होने पर विद्युत विभाग की मेंटेनेंस टीम ने पिलर बॉक्स की मरम्मत करके विद्युत सप्लाई बहाल की। तहसील टोंक के ग्राम मेहंदवास में पाइप लाइन लीकेज होने पर जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता द्वारा अगले दिन लिकेज पेयजल लाइन को ठीक कर दिया गया है। वर्तमान में ग्रामीणों को सुचारू रूप से शुद्ध पेयजल मिल रहा है।

नगर पालिका दूनी के अधिशाषी अधिकारी ने बताया कि पशुचिकित्सालय दूनी में गंदगी की शिकायत मिलने पर मौके पर ही साफ-सफाई करवाई गई। ग्राम आकोड़िया में पेयजल संकट के निराकरण के लिए जल जीवन मिशन के तहत सितंबर 2024 सभी कार्यों को पूर्ण किये जाने है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिशाषी अभियंता ने बताया कि ग्राम आकोड़िया का वीटीसी मिलान कार्य पूर्ण कर पूर्व में निर्मित जलाशय से सिंगल वॉल्व ऑपरेट कर जुलाई माह के दूसरे सप्ताह में पेयजल सप्लाई नियमित होगी।

उपखंड अधिकारी पीपलू कपिल शर्मा के निर्देश पर पंचायत समिति द्वारा कचरे के कारण बंद हुई नालियों की सफाई की गई। क्षेत्र में गंदे पानी की शिकायत प्राप्त होने पर जलदाय विभाग द्वारा तत्काल जांच कर टूटी हुई पेयजल पाईप लाईन की मरम्मत करवाकर लोगों को शुद्ध पेयजल सप्लाई हो रही है। जंवाली मालीपुरा सड़क पर जूलीफ्लोरा के कारण हादसे होने की संभावना को देखते हुए सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा जंगल सफाई का कार्य कर ग्रामीणों को राहत दी गई। साथ ही, ग्राम चौगाई से बोरखंडीकलां एवं मालीपुरा से जंवाली एवं मोहम्मद नगर में सड़क के दोनों और उगे जूलीफ्लोरा की सफाई का कार्य करवाकर ग्रामीणों को आवागमन में हो रही परेशानी को दूर किया गया। इसी प्रकार ग्राम रानोली की सरदारपुरा ढाणी के दो पक्षों में समझाइश नहीं होने पर जेसीबी मशीन से अस्थाई रूप से पानी की निकासी की गई है।

तहसील मालपुरा में लोगों की पेयजल की समस्या को देखते हुए जलदाय विभाग की ओर से अजमेर रोड़ पर 1 पीएसपी स्थापित कर पेयजल आपूर्ति की गई। इसके साथ ही, कॉलोनी में नवीन पेयजल लाइन बिछाने एवं नवीन टंकी निर्माण की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति का कार्य प्रक्रियाधीन है। मालपुरा के ग्राम पचेवर के ग्रामीणों ने आए दिन टूटती पेयजल पाईप लाईन को लेकर जलदाय विभाग को शिकायत दर्ज कराई थी।

## सम्पादकीय

# तेल और गैस पर ध्यान देने की जरूरत

दुनिया भर के देशों ने यह महसूस किया है कि प्रदूषणकारी ईंधन से स्वच्छ ऊर्जा में परिवर्तन का सफर इतना आसान नहीं है। इसका रास्ता बहुत ही टेढ़ा और मुश्किलों से भरा है। भले ही वे नए एवं स्वच्छ ऊर्जा संयंत्रों पर भारी निवेश करें, इसके बावजूद गंदे ईंधन पर उनकी निर्भरता निकट भविष्य में समाप्त होने वाली नहीं है। विशेष रूप से भारत के बारे में यह बात बिल्कुल सत्य है। भारत सबसे तेज गति से तरक्की करने वाली अर्थव्यवस्था है, लेकिन विकसित अथवा सही मायने में उच्च आय वाला देश समझे जाने से पहले इसे लंबा रास्ता तय करना है। इसकी ऊर्जा जरूरतें बहुत तेजी से बढ़ रही हैं। इसलिए आने वाले दशकों में भारत में सौर और वायु ऊर्जा क्षमता में इजाफा होगा और यहां स्वच्छ ऊर्जा भंडारण का पारिस्थितिकीय तंत्र विकसित होगा। इसी के साथ यहां प्रदूषणकारी ईंधन जैसे कोयला और हाइड्रोकार्बन (तेल और प्राकृतिक गैस) की खपत बहुत तेजी से बढ़ेगी। तेल के मामले में भारत पहले से ही विश्व का तीसरा सबसे बड़ा आयातक और उपभोक्ता देश है। अंतरराष्ट्रीय एनर्जी एजेंसी (आईईए) का अनुमान है कि भारत में गैस और तेल की मांग वर्ष 2050 तक बढ़ती जाएगी। हालांकि इस दौरान कोयले की मांग में कुछ कमी आ सकती है। इस समय भारत अपनी जरूरत का 80 प्रतिशत से अधिक तेल और 50 प्रतिशत से ज्यादा प्राकृतिक गैस का आयात करता है। इससे बाजार में किसी भी तरह के व्यवधान या उथल-पुथल का देश और अर्थव्यवस्था पर असर साफ दिखता है। सबसे खराब बात यह है कि देश में तेल उत्पादन गिर रहा है, क्योंकि कुएं पुराने पड़ गए हैं, जिनमें से पहले के मुकाबले कम कच्चा तेल निकल रहा है। यदि नए कुओं की तलाश नहीं की गई और उनमें समय रहते उत्पादन शुरू नहीं किया गया तो अगले कुछ वर्षों में भारत में तेल उत्पादन और घट जाएगा।

ऐसा नहीं है कि भारतीय नीति निर्माता देश में घटते तेल उत्पादन और वैश्विक उथल-पुथल की स्थिति से पैदा होने वाले संभावित संकट से वाकिफ न हों, जो तेल और गैस के दाम बढ़ने की सबसे बड़ी वजह बनते हैं। रूस और यूक्रेन युद्ध के अलावा भारत को तेल के मामले में और भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। भारत इस बार तो रूस-यूक्रेन युद्ध के बावजूद रूस से सस्ता तेल आयात करने में कामयाब रहा, लेकिन वैश्विक स्तर पर इस प्रकार की किसी और गड़बड़ी के चलते व्यवधान पैदा हुआ तो स्थिति उलट होगी। जब-जब वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल और गैस के दाम बढ़ते हैं तो भारतीय नीति निर्माता ऐसे हालात से निपटने के लिए सक्रिय हो जाते हैं और तुरत-फुरत योजनाएं बनाने में जुट जाते हैं, लेकिन जैसे ही संकट टल जाता है, तेल के दाम कम करने की ये सभी योजनाएं ठंडे बस्ते में डाल दी जाती हैं। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के पहले कार्यकाल में रणनीतिक भूमिगत तेल भंडारण क्षमताएं बनाने की योजना तैयार की गई थी, ताकि आपात स्थिति में उस तेल का इस्तेमाल किया जा सके। शुरुआत में इस प्रकार के कई भंडारण तैयार किए गए, लेकिन कुछ समय बाद यह परियोजना रोक दी गई और तेल भंडारण बनाने का काम बंद हो गया।

# रूस और ऑस्ट्रिया की यात्राओं से भारत की नई उड़ान

**यूक्रेन और गाजा में युद्धों की पृष्ठभूमि के बीच प्रधानमंत्री मोदी की रूस और ऑस्ट्रिया की यात्रा पर दुनिया की नजरे लगी रही। एक ध्रुवीय विश्व व्यवस्था बनाए रखने की कोशिश कर रहे अमरीका और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में अपना हित देख रहे रूस के बीच भारत की स्थिति एवं उसकी बढ़ती ताकत का भी विश्लेषण किया जा रहा है। मास्को में प्रधानमंत्री मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के गले मिलने पर यूक्रेन की नाराजगी के बावजूद अमरीका की सधी प्रतिक्रिया सामने आयी कि इससे उसके भारत से रिश्तों पर कोई असर नहीं होगा। निश्चित ही इससे यह साफ हो जाता है कि दुनिया अब एक या दो ध्रुवीय नहीं रही।**

ललित गर्ग



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस और ऑस्ट्रिया की यात्रा के निष्कर्षों के साथ-साथ इसके वैश्विक निहितार्थ भी तलाशे जा रहे हैं। इन दोनों देशों की राजकीय यात्रा अनेक दृष्टियों से नई उम्मीदों को पंख लगाने के साथ भारत को शक्तिशाली बनाने वाली होगी। दोनों देशों की यात्रा के दौरान हुए विभिन्न समझौते भारत की तकनीकी एवं सामरिक जरूरतों को पूरा करने में अहम कदम साबित होंगे। सैन्य उत्पाद, व्यापार व उद्योग के साथ-साथ प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में रूस और ऑस्ट्रिया के साथ द्विपक्षीय सहयोग ने नई उम्मीदें जगाई हैं। इन यात्राओं के दौरान प्रधानमंत्री ने जो प्रयास किए वे मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भरता के प्रयास, नये भारत-सशक्त भारत एवं सतत विकास की प्राप्ति में सहायक सिद्ध होंगे। निश्चित ही प्रधानमंत्री मोदी के प्रति इन दोनों देशों में जो सम्मानभावना देखने को मिली, उससे यही कहा जा सकता है कि मोदी विश्व-नेता के रूप में स्वतंत्र पहचान एवं प्रतिष्ठा प्राप्त कर रहे हैं, जो भारत के लिये शुभ है। निश्चित तौर पर वैश्विक राजनीति में अपनी चमक के साथ आगे बढ़ते भारत के लिये रूस की यात्रा कई मायनों में बहुत उपयोगी एवं दूरगामी रही। इस यात्रा के दौरान भारत और रूस के बीच हुई 22वीं द्विपक्षीय बैठक में हुए नए समझौते काफी अहम हैं। रूस के युद्ध में फंसे होने के कारण रक्षा जरूरतों से संबंधित आपूर्ति में बाधा होना हमारे लिए चिंता की बात थी लेकिन मेक इन इंडिया के तहत भारत में ही रक्षा उपकरणों के स्पेयर पार्ट्स का प्लांट लगाने पर सहमति जताकर पुतिन ने बड़ी चिंता का समाधान कर दिया है। दोनों देशों के बीच का व्यापार 2030 तक 65 अरब डॉलर से बढ़ाकर 100 अरब डॉलर तक करने पर भी सहमति बनी है। यह भारत-रूस के विशेष रिश्ते को और मजबूत करने वाले होंगे। भारत-रूस की दोस्ती की गर्माहट से चीन एवं पाकिस्तान की बौखलाहट भी देखने को मिली है।

अमेरीका यह जान रहा है कि चीन के तानाशाही भरे रवैये से निपटने के लिए भारत का साथ आवश्यक है। वास्तव में इस आवश्यकता ने भी अमेरीका में भारत की अहमियत बढ़ाने का काम किया है। यह अहमियत यही बता रही है कि अब भारत का समय आ गया है। वास्तव में आज अमेरीका ही नहीं, विश्व का हर प्रमुख देश भारत को अपने साथ रखना आवश्यक समझ रहा है। कहना न होगा कि वैश्विक मंच पर योग का विषय हो, या अहिंसा का या फिर आतंकवाद से निपटने का, जलवायु परिवर्तन का मसला हो या फिर जी-20 देशों की अध्यक्षता की बात, भारत, दुनिया को नई दिशा दे रहा है, नई उम्मीदें जगा रहा है। एक नई ताकत एवं सशक्त अर्थ-व्यवस्था के साथ एक नया ध्रुव बनकर उभर रहा भारत समूची दुनिया की नजरों का ताज बना हुआ है। भारत अब बिना किसी दबाव के किसी भी अन्य ताकतवर देश की नाराजगी मोल लेने का हौसला रखता है। शीतयुद्ध के दौर में दो ध्रुवीय विश्व व्यवस्था के बाद एक धुवीय व्यवस्था का अनुभव दुनिया को मिल चुका है। अब बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में ही संभावनाएं देखी जा रही हैं। ग्लोबल साउथ की आवाज बन भारत वैश्विक भूमिका को खुलकर प्रदर्शित भी कर रहा है। वैसे भी भारत एक बड़े देश के पाले में कभी नहीं रहा। अनेक संकटों से घिरा होकर भी भारत अपनी बात बुलन्दी के साथ दुनिया के सामने रखता रहा है, नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री के तीनों कार्यकाल में भारत ने अपने शक्तिशाली होने का भान कराया है। भारत की रूस से दोस्ती तो बहुत पुरानी है, लेकिन अमरीका, ऑस्ट्रिया या अन्य नए देशों से दोस्ती का यह मतलब नहीं है कि अपने पुराने साथियों से दूर हो जाएं। इजरायल और फिलिस्तीन के मामले में भी यह देखा जा सकता है। इजरायल से नई दोस्ती के बावजूद फिलिस्तीन पर हमारी रणनीति नहीं बदली है। उसी तरह रूस से अच्छे संबंध का यह मतलब नहीं कि यूक्रेन के मामले में उसे क्लीन चिट दे दें। यही वजह है कि राष्ट्रपति पुतिन को मोदी ने शांति का पाठ पढ़ाने में कोई हिचक नहीं दिखाई। भारत की इस भूमिका के बीच अब अमरीका भी यह कहने में संकोच नहीं कर रहा है कि भारत को यूक्रेन युद्ध रोकने की पहल करनी चाहिए। फिलहाल शांति के पक्षधर अन्य देश भारत के साथ मिलकर रास्ता खोजने की पहल कर रहे हैं। ऑस्ट्रिया का रूस और यूक्रेन के बीच संभावित समझौता वार्ता का मंच बनने की इच्छा जाहिर करना यही बताता है। भारत अहिंसा एवं शांति का हिमायती का देश है और मानता है कि युद्ध से किसी भी समस्या का हल नहीं हो सकता। युद्ध केवल बर्बादी और तबाही लेकर ही आता है। रूस व यूक्रेन के बीच जो सीमा विवाद है वह इन देशों के बीच का मामला है और भारत शुरू से ही कहता रहा है कि इस समस्या का हल केवल बातचीत से ही होना चाहिए। श्री मोदी ने रूस की यात्रा के दौरान भी भारत का यही रुख सामने रखा और स्पष्ट किया कि किसी भी झगड़े को निपटाने का रास्ता केवल वार्तालाप ही हो सकता है। श्री मोदी ने रूस से आस्ट्रिया पहुंच कर भी इस रुख को और खोला और कहा कि भोले-भाले लोगों की हत्या कभी भी स्वीकार्य नहीं हो सकती। इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध के सन्दर्भ में इस तथ्य को अमेरिका को ही सबसे पहले समझना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी की रूस यात्रा से क्या चीन की बढ़ती महत्त्वाकांक्षाओं पर असर पड़ेगा? क्योंकि रूस एवं चीन के बीच बढ़ती मित्रता एवं प्रगाढ़ता समूची दुनिया के लिये एक चिन्ता का सबब है। भले ही अमरीका की ताकत को देखते हुए रूस ने चीन से निकटता बनाई हो, लेकिन भारत से उसकी दोस्ती इन सबसे ऊपर है। फिर भी चीन एवं पाकिस्तान भारत के दुश्मन ही रहे हैं। इन हालातों के बीच मोदी की रूस और ऑस्ट्रिया यात्रा भारत के भाग्य के लिए नये सूर्य का उदय कही जा सकती है। प्रधानमंत्री मोदी की जितनी महत्वपूर्ण यात्रा रूस की रही, उतनी ही महत्वपूर्ण ऑस्ट्रिया की यात्रा भी रही। मोदी ने पाकिस्तान के साथ चीन को भी निशाने पर लेते हुए पुतिन से कहा कि चीन जहां पाकिस्तान के आतंकवाद को सहयोग-समर्थन और संरक्षण देने से बाज नहीं आ रहा है, वहीं चीन अपनी विस्तारवादी नीतियों के चलते एशिया ही नहीं, पूरे विश्व के लिए खतरा बन गया है। अब मोदी की इन बातों का पुतिन पर क्या असर होगा, यह भविष्य के गर्भ में है।

जहां तक रूस से मित्रता का सवाल है तो यह भारत का परखा हुआ सच्चा मित्र है और भारत यह दोस्ती कभी नहीं छोड़ सकता। पिछले दो दशकों में हमारे सम्बन्ध अमेरिका से भी मधुर हुए हैं परन्तु हमारी विदेश नीति पूरी तरह स्वतन्त्र है और दुनिया का कोई भी देश इसे प्रभावित नहीं कर सकता। भारत के द्विपक्षीय सम्बन्ध किस देश के साथ कैसे हैं यह केवल भारत ही तय करेगा। अमेरिका हमें रूस-यूक्रेन के बारे में क्या समझायेगा? भारत पर दुनिया का बढ़ता भरोसा इस बात का परिचायक है कि भारत विश्व की एक महाबड़ी शक्ति बनने की राह पर अग्रसर है और भारत शांति एवं अयुद्ध का हिमायती है। हम तो पहले ही यह कह चुके हैं कि भारत बुद्ध-महावीर-गांधी का देश है और इसकी विदेश नीति भी इनसे प्रेरणा लेकर ही तय होती रही है। बदलते वैश्विक सन्दर्भों के बावजूद भारत आपसी शान्ति, अहिंसा, युद्धमुक्त विश्व-संरचना व सह अस्तित्व पर ही विश्वास रखता है। दुनिया की महाशक्तियों द्वारा भारत को तवज्जो देने के पीछे जिन वजहों को देखा जा रहा है, उनमें व्यापारिक प्रगति के साथ शांति एवं अमन-चैन की दुनिया बनाना भी मुख्य है। निश्चित ही मोदी की रूस और ऑस्ट्रिया यात्रा भारत के लिये 'सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण घटना' एवं 'परिवर्तनकारी क्षण' साबित होगा।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
आपका आज का दिन शुभ फलदायी साबित होगा। निर्धारित काम सफलता से पूरे होंगे। अधूरे काम पूरे होंगे। ननिहाल पक्ष से आनंददायक समाचार मिलेंगे। बीमारी में राहत महसूस होगी। नौकरीपेशा वर्ग को नौकरी में लाभ होगा।

### वृष
अविवाहित लोगों के विवाह के योग बनेंगे। आपको पत्नी अथवा संतान से लाभ हो सकता है। व्यापार के लिए होने वाला प्रवास लाभदायक साबित होगा। आपके उच्च अधिकारी आपसे खुश रहेंगे। पदोन्नति होने की संभावना है।

### मिथुन
अपनी कला को बाहर लाने के सुनहरे अवसरों को हाथ से न जाने दें। आपकी रचनात्मक और कलात्मक शक्ति अधिक निखरेगी। शारीरिक, मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी। मनोरंजन की प्रवृत्ति में दोस्तों तथा परिजनों के साथ भाग लेंगे।

### कर्क
आमोद-प्रमोद की प्रवृत्तियों में पैसे खर्च होंगे। दांपत्य जीवन में जीवनसाथी के साथ निकटता के पल व्यतीत कर सकेंगे। कोर्ट-कचहरी के मामलों में संभलकर कार्य करना उचित रहेगा। ऑफिस में स्त्री वर्ग से लाभ होने की संभावना है। शरीर में ताजगी का अभाव रहेगा।

### सिंह
पारिवारिक जीवन में उत्साह का वातावरण रहेगा। संतान की प्रगति से आपको संतोष का अनुभव होगा। आज आपको बेचैनी, थकान का अनुभव होगा। ऑफिस तथा काम-काज की जगह अधिकारियों की नाराजगी का शिकार होना पड़ेगा।

### कन्या
आज संतान और जीवनसाथी के संबंध में चिंता होगी। वाद-विवाद या चर्चाओं में गहरे न उतरना हित में रहेगा। आत्मसम्मान को ठेस पहुंचेगी। मित्रों के लिए खर्च की संभावना है। पेट संदांपत्य जीवन में विशेष मधुरता रहेगी। बंधी बीमारियों से तकलीफ होगी।

### तुला
शारीरिक- मानसिक अस्वस्थता का अनुभव होगा। छाती में दर्द या किसी विकार से परिवार में अशांति होगी। महिलाओं के साथ मनमुटाव और तकरार होने की संभावना है। सार्वजनिक रूप से मानहानि होने से दुख होगा।

### वृश्चिक
सुंदर भोजन, वस्त्र और वाहन सुख की प्राप्ति होगी। प्रिय व्यक्ति की मुलाकात तथा काम में सफलता का योग है। आज आपके विदेश में बसने वाले स्नेहीजन या मित्रों से शुभ समाचार मिलने की संभावना है।

### धनु
कार्य सफलता और विरोधियों पर विजय का नशा आपके दिलो-दिमाग पर छाया रहेगा, इससे प्रसन्नता अनुभव करेंगे। भाई-बहनों के साथ मिलकर घर पर कोई आयोजन करेंगे। मित्रों, स्नेहीजनों के साथ यात्रा करने का योग है।

### मकर
परिवार में आज आनंद का वातावरण रहेगा। वाणी की मधुरता और न्यायप्रिय व्यवहार से आप लोकप्रियता प्राप्त करेंगे। आर्थिक लाभ होने की संभावना है। स्वादिष्ट भोजन मिलेगा। विद्यार्थियों के विद्याध्ययन के लिए अनुकूल समय है।

### कुंभ
आज आपका दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा। आयात निर्यात से जुड़े व्यापारियों को धंधे में लाभ और सफलता मिलेगी। आपकी खोई हुई वस्तु वापस मिलने की संभावना है। प्रवास आर्थिक लाभ और वाहन सुख की संभावना है।

### मीन
आज आप आर्थिक लाभ के साथ समाज में आदर प्राप्त कर सकेंगे। आपके परिवार में सुख और संतोष बना रहेगा। आपकी आय बढ़ेगी और व्यापार में भी लाभ होगा। प्रिय व्यक्ति के साथ सुखद समय बिताएंगे। मौज-शौक और घूमने-फिरने के पीछे खर्च होगा।

## शख्सियत

**इंसानी जीवन बस एक बार मिला है इसलिए सबके साथ मिलकर जीएं ताकि जीवन ही नहीं अपितू मृत्यु भी महोत्सव बन जाए**



दिनेश भार्गव
( समाजसेवी )

नमस्कार साथियों हमारे आज के शख्सियत कॉलम स्टार हैं समाजसेवी दिनेश भार्गव। जोकि भारतीय जनता पार्टी में पदाधिकारी हैं साथ ही भार्गव समाज के मुख्य स्तंभ के रूप में जाने जाते हैं। कहते हैं कि सामाजिक संगठनों का नेतृत्व करने वाले व्यक्ति में संगठन को सशक्त बनाने के लिये अनेक गुणों की एवं बहुआयामी व्यक्तित्व की प्रथम आवश्यकता होती है। इनका जन्म 13 नवंबर 1967 को अलवर में हुआ, बीए-एलएलबी तक शिक्षा प्राप्त की हैं एवं वर्तमान में अलवर में विधिक सलाहकार हैं व डीड राइटर का व्यवसाय कर रहे हैं। राजस्थान की अनेकों सामाजिक संस्थाओ से जुड़े हैं और एक कर्मठ व्यक्ति एवं कुशल समाज सेवी के रूप में प्रदेश में आपकी पहचान है। वर्तमान में अलवर जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन, अरावली आर्टिस्ट अकादमी अलवर, डीड राइटर एवं स्टांप वेंडर्स संयुक्त समिति अलवर, जैसी संस्थाओं में अध्यक्ष के पद पर आसीन हैं। हिन्दी साहित्य भारती के संरक्षक है। वही देश की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा में प्रदेश कोषाध्यक्ष के पद पर आसीन हैं। हाल ही में राजस्थान सरकार द्वारा आपकी कर्मठ एवं निष्ठावान सेवाओं को देखते हुए पूर्व में जिला कारागाह अलवर के पर्यवेक्षक एवं राजस्व सलाहकारए राजस्थान सरकार जैसे महत्वपूर्ण पदों की जिम्मेदारी दी गई थी। आप कला एवं संस्कृति उत्थान समिति राजस्थान, जय कृष्ण क्लब अलवर, कौमी एकता साहित्य संस्थान अलवर, सोसायटी फॉर प्रोटक्शन ऑफ चाइल्ड जैसी सामाजिक सेवा संस्थाओं में सक्रिय भूमिका का निर्वहन कर रहे है। दिनेश भार्गव स्थानीय भार्गव सभा अलवर, डेहरा उत्सव समिति अलवरए संगीत संकल्प अलवर के अध्यक्ष पद को सुशोभित कर चुके है। इनके निर्देशन में ही भार्गव आश्रम अलवर के नव निर्माण का कार्य पूर्ण हुआ। आप पिछले दो दशकों से सभा से जुड़े हैं। आप सभा में 2013-2017, 2019-2025 उप-प्रधान का पद धारित कर चुके हैं। आप सभा के अहम उद्देश्यों में समाज कल्याण एवं शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए अनेक वर्षों तक समाज कल्याण समिति के प्रधान रह चुके हैं। समाज के लिए किए गए आपके सराहनीय कार्यों के लिए राज्य सरकार एवं कई संस्थाओं द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया जा चुका है। अखिल भारतीय भार्गव सभा द्वारा भी दिनेश भार्गव को कई बार मान सम्मान पुरस्कार से नवाजा गया हैं। इन्हे वर्ष 2016 में राजस्थान सरकार द्वारा नवीन तकनीक से कृषि के क्षेत्र में जल संरक्षण जैसे संपादित कार्यों के मान्यता स्वरूप गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रसॅशित किया गया। दैनिक बढ़ता राजस्थान टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

**जय हिन्द**

## आज का इतिहास

### 13 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ


- ऑटोमन सेना ने 1534 में उत्तर पश्चिमी फारस में ताबरिज पर कब्जा किया।
- अलेक्सेई रोमानोव 1645 में अपने पिता माइकल की जगह रूस के शासक बने।
- ब्रिटेन के विख्यात नाविक जेम्ज़् कुक की पृथ्वी के दक्षिणी गोलार्ध की ऐतिहासिक खोज-यात्रा तीन वर्ष के बाद 1771 को समाप्त हुई।
- कैप्टन जेम्स कुक ने 1772 में दक्षिणी सागर की दूसरी यात्रा शुरु की।
- राजा राम मोहन राय और अलैकजेंडर डफ ने 1803 में पांच छात्रों के साथ स्कॉटिश चर्च कॉलेज शुरू किया
- हेनरी स्कूलक्रॉफ्ट ने 1832 में मिनेसोटा में मिसीसिपी नदी के स्रोत की खोज की।
- न्यूयार्क में 1863 को सिविल वार ड्रॉफ्ट के विरोधियों के दंगे में एक हजार से अधिक लोग घायल हुए।
- बर्लिन कांग्रेस ने 1878 में यूरोपीय शक्तियों के बीच बाल्कन देशों का बँटवारा किया।
- बुल्गारिया में नेशनल गाडर्स यूनिट की स्थापना 1879 में हुई।
- रूस में ट्रेन के पटरी से उतर जाने के कारण 1882 में 200 लोगों की मौत हो गई।
- स्कॉटलैंड में 1887 को दूसरा रेल पुल शुरु हुआ जिसका प्रयोग आज भी जारी है।
- मारकोनी ने 1887 में बेतार संदेश के लिए अमेरिकी पेटेंट हासिल किया।
- बांग्ला साप्ताहिक संजीवनी द्वारा 1905 में पहली बार ब्रिटिश सामानों की होली जलाने का सुझाव दिया गया।
- कलकत्ता के साप्ताहिक समाचार पत्र 'संजीवनी' ने 1905 में ब्रिटिश सामानों के बहिष्कार का सर्वप्रथम सुझाव दिया था।
- लंदन में चौथा आधुनिक ओलंपिक खेल 1908 में शुरु हुआ।
- टोकायाम की खाड़ी में 1918 को जापानी युद्धपोत में विस्फोट हुआ। जिसमें 500 लोगों की मौत हुई।
- कैलिफोर्निया के शहर लॉस एंजिलिस में माउंट हिल्स के पास जमीन की कीमतों को बढ़ाने के लिए 1923 को प्रचार के मकसद से 'हॉलीवुड' लिखा गया था।
- जतिन्द्र नाथ दास ने 1929 में ऐतिहासिक भूख हड़ताल की शुरुआत की।
- मैक्सिको मरुस्थल में 1945 को पहला परमाणु बम परिक्षण के लिए लाया गया।
- 'इंडियन इंडिपेंडेंस एक्ट' ब्रिटिश पार्लियामेंट में 1945 को पारित हुआ।
- अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस जेनेवा में 1954 को वियतनाम के बँटवारे पर सहमत हुए।
- मोरक्को के बागी नेताओं को मौत की सजा 1971 में दी गई थी।

## विशेष आलेख

# सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा..



अमेरिका से आए एक सभ्रांत व्यक्ति ने जब अमेरिका के बारे में बताया कि वहाँ की बात और हमारे देश की बात बिलकुल अलग है। उन्होंने बताया कि वहां हर दुकान,शो-रूम व घर के बाहर स्मॉग डिटेक्टर लगा हुआ है, यदि गलती से कहीं धुंआ निकल जाए तो सायरन कंट्रोल रूम पहुँचेगा वहां दे आपको फोन आएगा कि पुलिस आपकी सेवा में हैं आप बताइए हमारी जरूरत तो नहीं,ऐसा ही मेडिकल टीम के पास पहुँचेगा तो वो भी कहेंगी कि यदि हमारी जरूरत हो तो बताइ, हमारी टीम 2 मिनट में पहुँच जाएगी। दूसरा ये कि वहां लोग अधिकतर गाड़ी खुद ही ड्राइव करते हैं क्योंकि वहां ड्राइविंग लाइसेंस बनना महाभारत से कम नहीं । एक अमीर आदमी भी वहाँ ड्राइवर अफॉर्ड नही कर सकता क्योंकि ड्राइवर बहुत कॉस्टली मिलता है। तीसरा सड़क पर गंदगी नाम की कोई चीज ही नही एकदम नीट एन्ड क्लीन सड़कें हैं। चौथा वहां काम वाली बाई सप्ताह में एक बार आती है वो भी कार में सभी सफाई के उपकरण(इक्यूपमेंट) लेकर आती हैं। किसी से कोई बात नहीं करती पूरे घर सफाई महज आधा घण्टे में कर के निकल भी जाती है और पांचवा ये कि वहां मंदिर,चर्चो या गुरुद्वारों में भीड़ बिल्कुल नही छटा ये कि वहां हर व्यक्ति काम कर रहा है खाली कोई नहीं। अब हमारे देश की बातें करें तो पहला पुलिस आपको फोन नहीं करेगी आपको ही करना होगा। घटना दुर्घटना होने के 1 से 2 घंटे बाद पुलिस पहुंचती है, जब तक सब कुछ निपट ले चुका होता है, मेडिकल सुविधाएं तो यहां सुट्ट का आनन्द लेती हैं जब हॉस्पिटल में ही सुविधाए नहीं हैं तो वहां कौन देने आएगा सुविधा। दूसरा अब बात करते हैं ड्राईवर की, भारत में ड्राईवर मिलना और ड्राईविंग लाईसेंस बनना बहुत आसान है। यहां अनेकों बार नेत्रहीनों व दिव्यांगों के ड्राईविंग लाईसेंट बना दिए गए हैं वो बात अलग है बाद में बनाने वालों ने कहा कि गलती से बन गए थे और ड्राईवर तो भाई यहां अध्धे पव्वे में ही मिल जाते हैं यहां ये चक्कर नहीं हर आदमी अर्फोड कर सकता है। यहां गरीब भी ड्राईवर रख सकता है। इसके साथ ही वहां का ड्राईवर सिर्फ खुद के लिए सोचता है जबकि यहां ड्राईवर सरकार के कल्याण के लिए भी सोचता है नशा पत्ता ज्यादा हो गया तो एक साथ जनसंख्या काबू में मदद मिल जाती है। तीसरा सड़के एक दम चमाचम मिलती हैं गंदगी नहीं मिलती तो हमारा संस्कृति और सभ्यता से परिपूर्ण देश है भाई यहां गाय बेचारी भूखी ना रह जाएं,इसलिए हमने सड़कों के किनारे करोड़ो कचरा पाईंट बनाए हुए हैं वो कहावत है ना अग्रेजी की कि *सम थिंग बैटर दैन नथिंग* बेचारी भूखी रहे इससे अच्छा कचरा ही खा लें और अमेरिका में नाली नहीं हैं तो सुअर कितने बैचने रहते होगें जरा सोचकर देखों हम अपना ही नहीं सुअरों का भी पूरा ख्याल रखते हैं इसलिए नाले नालियां खचाखच भरकर रखते हैं ताकि सुअर पूरा मुँह मार सकें। चौथा वहां काम वाली बाई बिना बोले महज आधे घण्टे में सफाई करके निकल जाती है पर हमारे यहां तो भाई काम वाली को काम का पैसा थोड़ी देते हैं वो तो पडौसन की बुराई और किसी की छोरी का किसके छोरे से चक्कर है ये बताने का पैसा देते हैं। अब सबकी अपनी अपनी पसंद है कोई चुप रहता है पर भाई ईश्वर ने बिना हड्डी की जीभ इसलिए ही तो दी है कि दिन भर चकर चकर कर सकें और हमारी कामवाली बाई तो चकर चकर करने में पीएचडी किए रहती हैं।



पाँचवा वहां मन्दिर,मज्जिद,गुरूद्वारा और चर्च में भीड़ ही नहीं बताई अब इनको कौन समझाए वहां भगवान है ही नहीं , भगवान तो सिर्फ यहीं हैं सारे। पुराने 33 करोड़ है और नए वाले भी 33 ही समझों और अंत में छटा पाईंट कि वहां हर व्यक्ति काम कर रहा है कोई खाली नहीं है तो भाई किस्मत भी कोई चीज है वो बात अलग है कि अमेरिका वालों की कोई किस्मत नहीं होगी इसलिए काम करना पड़ता है उनका नहीं तो हमारे यहां देखों कर्म से अधिक किस्मत पर विश्वास है लोगों को और भाई वो काम करके कौनसा तीर मार लेगा एण्ड् में सबको मरना ही है इसलिए यहां आदमी काम करके नहीं बल्कि किस्मत के भरोसे रहता है।

अब समझ आया मेरा भारत महान क्यों है। इसलिए कितना भी अमेरिका की तारीफ सुनने को मिल जाए लेकिन मैं तो यहीं कहूंगा सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा..

**रूपक शर्मा**
**संपादकीय प्रभारी, अलवर संस्करण**

# विधायक ने नटवाड़ा के धार्मिक स्थल श्री बद्रीनाथ मंदिर के विकास कार्यों को बजट में जोड़कर पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने की मांग की

बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा ( नि.स. )।** निवाई-पीपलू विधायक रामसहाय वर्मा ने विधानसभा में राजस्थान सरकार के परिवर्तित पूर्ण बजट की चर्चा में बोलते हुए धार्मिक, ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व के स्थल नटवाड़ा में स्थित भगवान श्री बद्रीनाथ मंदिर के विकास कार्यों को बजट में जोड़कर पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने की मांग की। उन्होंने क्षेत्र के मंदिरो में मूलभूत सुविधाए उपलब्ध करवाने की मांग रखी। विधायक वर्मा ने निवाई में केन्द्रिय बस स्टेण्ड, उपतहसील राहोली एवं दत्तवास को तहसील में कमोन्नत करने, निवाई के रक्तांचल पर्वत के पीछे स्थित भूमि को सेन्ट्रल पार्क के रूप में विकसित करने, राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे शैया क्षमता 30 से बढाकर 100 करवाने, राहोली व पीपलू में राजकीय महाविद्यालय खोलने, राजकीय महाविद्यालय में विज्ञान संकाय प्रारम्भ करवाने की मांग की



है। गौरतलब है कि इससे पूर्व भी विधायक वर्मा ने विधानसभा में नटवाड़ा क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन सर्किट बनाने की बात कहीं थी। जिससे धार्मिक पर्यटन बढ़ और आम व्यक्ति की आय बढ़े। उन्होने विधानसभा में कहा कि निवाई-पीपलू विधानसभा के श्री देवधाम जोधपुरिया, श्री बद्री विशाल धाम नटवाड़ा, श्री हरभावता आश्रम एवं द्वादश ज्योतिर्लिंग घुश्मेश्वर महादेव शिवाड़ धार्मिक पर्यटन नगरी है। इन मंदिरों को जोड़ने के लिए पर्यटन सर्किट बनाने की मांग। विधायक वर्मा ने कहा था कि इन मंदिरों तक आने जाने की सुविधा दी जाए। जिससे आम व्यक्ति की आय में वृद्धि हो और आने वाला पर्यटक भारतीय की संस्कृति से रूबरू हो सकें।

### नटवाड़ा के श्री बद्रीनाथ मंदिर को आगामी बजट में पर्यटन का दर्जा मिलने से लगेगे विकास को पंख

नटवाड़ा में स्थित श्री बद्रीनाथ मंदिर के धार्मिक, पौराणिक एवं ऐतिहासिक स्वरूप को देखते हुए अगर इसे पर्यटक स्थल के रूप में घोषित कर दिया जाए तो यहां विकास को पंख लग सकते हैं। पर्यटक स्थल घोषित करने से एक ओर जहां राज्य सरकार को राजस्व मिलेगा तो वहीं स्थानीय लोगों को भी रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकेंगे। नटवाड़ा सहित इसके आसपास के क्षेत्र में अनेकों धार्मिक एवं ऐतिहासिक धरोहरों पुरामहत्व के स्मारकों को देखते हुए यहां पर्यटन की विपुल संभावनाएं हैं। इसके आगे गाँव पराना मे पहाड़ पर स्थित गंगादेई माता मंदिर, सिरस में केशवराय जी का मंदिर जैसी धरोहरें मौजूद हैं। शिवाड़ में घुश्मेश्वर मंदिर के क्षेत्र भी दर्शनीय स्थल हैं।

**वर्षो से चल रही मांग :** शक्ति केंद्र प्रभारी रामदेव प्रजापत, बद्री विजय, रामजी लाल बोकण, मुकेश कीर, सॉवरा जोशी, शंकर मोठिया, अंकुश शर्मा, गणेश नटवाड़ा आदि ने बताया कि नटवाड़ा में स्थित श्री बद्रीनाथ मंदिर को पर्यटक स्थल के रूप में घोषित करने के लिए स्थानीय विभिन्न संगठनों एवं नागरिकों की ओर से जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन दिए जा चुके हैं लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई सकारात्मक पहल होती नहीं दिख रही। लेकिन विधायक रामसहाय वर्मा द्वारा विधानसभा में इसका मुददा उठाए जाने से लोगो में आस बंधी है।

**पर्यटन से विकसित होंगे रोजगार के अवसर :** श्री बद्रीनाथ मंदिर को पर्यटन का दर्जा मिलने से यहां समुचित विकास हो सकेगा । कम विकसित क्षेत्रों को विकसित करके पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा। निवेश को प्रोत्साहित किया जाएगा। पर्यटन एक ऐसा क्षेत्र है। जहां रोजगार के अधिक से अधिक अवसर पैदा करने का पोटेंशियल होता है। इसे देखते हुए सरकार को श्री बद्रीनाथ मंदिर को पर्यटन का दर्ज़ा देकर क्षेत्र के विकास में भागीदार होना चाहिए।

**होटल और रेस्टोरेंट खुलने की है उम्मीद :** नटवाड़ा एवं आसपास के क्षेत्र में पर्यटन और कई दर्शनीय स्थल है। इनमें श्री बद्रीनाथ मंदिर सहित गाँव पराना मे पहाड़ पर स्थित गंगादेई माता मंदिर, सिरस में केशवराय जी का मंदिर शिवाड़ में घुश्मेश्वर महादेव मंदिर इत्यादि प्रमुख दर्शनीय स्थल है। लेकिन बाहर से आने वाले पर्यटकों के रुकने के लिए फिलहाल कोई होटल की व्यवस्था नहीं है। इन होटलों के खुलने से एक तरफ जा पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तो वहीं दूसरी तरफ रोजगार के नए आयाम भी स्थापित होंगे। ऐसे में नटवाड़ा में स्थित श्री बद्रीनाथ मंदिर में आने वाले दर्शनार्थी के लिए यही रुकने का ऑप्शन होने पर नटवाड़ा में ठहराव कर सकेंगे। जिससे लोगो की आमदनी में इजाफा होगा।

## चातुर्मास के लिए आर्यिका विष्णुप्रभा व सुरम्य मती माताजी का हुआ भव्य मंगल प्रवेश



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा के गांधी पार्क के नजदीक स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर में चातुर्मास के लिए आर्यिका विष्णुप्रभा एवं सुरम्य मती माताजी का विशाल एवं भव्य जुलुस के साथ मंगल प्रवेश हुआ।

शुक्रवार को केकड़ी रोड स्थित रामद्वारे के सामने से मंगल प्रवेश का भव्य एवं विशाल जुलुस बेण्डबाजो के साथ रवाना हुआ। यह जुलुस आदिनाथ मार्ग, महावीर मार्ग, सुभाष सर्किल से नवीन मण्डी बाजार होते हुए कार्यक्रम स्थल श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर पहुंचा। इस दौरान सकल जैन समाज की ओर से बीच रास्ते में सैकड़ो तोरण द्वार बना कर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। वहीं सुभाष सर्किल से नवीन मण्डी तक रेम्प बनाकर 101 कलशो से माताजी का पाद प्रक्षालन किया गया। मन्दिर में विशाल धर्मसभा का आयोजन हुआ।

**संत नदी बहते शीतल जल के समान :** मन्दिर प्रागंण में आयोजित धर्मशाला में प्रवचन करते हुए आर्यिका विष्णुप्रभा माताजी ने कहा कि संत कभी स्थान पर नहीं रूकते हैं लेकिन जहां भी रूकते हैं वहां धर्मप्रभावना बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि संत नदी के बहते शीतल जल के समान है जो धर्म व ज्ञान की गंगा बहाते रहते हैं और चलते रहते हैं लेकिन कभी एक स्थान पर रूकते नहीं। माताजी ने कहा कि चातुर्मास की परम्परा के अनुसार संत इस अवधि के दौरान एक ही स्थान पर रूक कर धर्म व ज्ञान की गंगा बहाकर श्रद्धालुओं को डूबकी लगाने का अवसर प्रदान करते हैं। धर्मसभा में भारी संख्या में श्रद्धालु व समाजबंधु मौजुद रहे।

## परिषद से आए उच्चाधिकारियो ने किया संस्थान का भ्रमण आवश्यक जानकारी के बाद किसानो से हुए रूबरू

### प्रदर्शनी व ऊन प्लांट का किया अवलोकन

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसन्धान संस्थान अविकानगर मे भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद नई दिल्ली से अलका एन अरोड़ा अतिरिक्त सचिव (डेयर) एवं वित्तीय सलाहकार, एस के पाठक संयुक्त सचिव वित्त एवं पी के तिवारी वरिष्ठ वित्त एवं लेखा अधिकारी द्वारा संस्थान के विभिन्न पशुओ के सेक्टर्स, चारा फार्मस, विकसित तकनिकीयों, पशुओ की प्रदर्शनी एवं ऊन प्लांट का निदेशक डॉ अरुण कुमार तोमर द्वारा भ्रमण करवाया गया। संस्थान के मीडिया प्रभारी डॉ अमरसिंह मीना ने बताया कि इस दौरान निदेशक डॉ. तोमर ने संस्थान द्वारा देश के किसानो के लिए की जा रही विभिन्न गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। परिषद से आए अधिकारियों ने संस्थान के गेस्ट हाउस में अविकानगर संस्थान के विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का भी अवलोकन करते हुए संस्थान द्वारा निर्मित विभिन्न भेड़ -बकरी एवं खरगोश से बने उत्पादों को देखकर भविष्य के हिसाब से वाणिज्यक मोड पर ले जाने का सुझाव दिया।



अधिकारियो ने संस्थान के ऊन प्लांट, विभिन्न भेड़ की नस्ल के पशुओ की सेक्टर 12 पर लाइव प्रदर्शनी, सेक्टर 14 के चारागाह फार्म, खरगोश इकाई, अविमेल, दुम्बा भेड़ एवं सिरोही बकरी सेक्टर का भी अवलोकन संस्थान निदेशक डॉ. तोमर के साथ विभिन्न विभाग के विभाग अध्यक्ष की उपस्थित मे किया गया।

परिषद से आये अध्सिकारियों द्वारा मालपुरा परियोजना के अंतर्गत सेक्टर 12 पर आयोजित किसान -वैज्ञानिक संगोष्ठी एवं मेढे वितरण कार्यक्रम के अवसर पर 12 ब्रीडिंग मालपुरा भेड़ के मेढे को नस्ल सुधार हेतु टोंक जिले के विभिन्न गांवो (लावा, अजमेरी, कैरवालिया, मालपुरा, अरनिया काकड़, वन का खेड़ा, लक्ष्मीपुरा एवं भीपुर आदि) के चयनित भेड़पालक किसानो को वितरण किया गया। साथ मे संस्थान द्वारा किए जा रहे गतिविधियों के बारे में विस्तार से किसानों से विचार -विमर्श किया गया। परिषद से आऐ अधिकारियों ने टेक्नोलॉजी पार्क मे पोधे रोपण करते हुई संस्थान के वैज्ञानिको, तकनीकी कर्मियों के साथ- साथ किसानो से भी विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर संस्थान के विभागअध्यक्ष डॉ रणधीर सिंह भट्ट, डॉ. सिद्धार्थ सारथी मिश्रा, डॉ. गणेश जी सोनवणे, डॉ अजय कुमार, डॉ लीलाराम गुर्जर, डॉ पी के मलिक, डॉ आर सी शर्मा, डॉ अरविन्द सोनी, डॉ सुरेश चंद शर्मा, श्री राजकुमार, श्री इंद्र भूषण कुमार, योगिराज मीना, सुनील लड्डा के साथ संस्थान के विभिन्न कर्मचारियों द्वारा भ्रमण कार्यक्रम को आयोजित मे पुरा सहयोग किया गया।

## जिला प्रभारी मंत्री श्री हीरालाल नागर रविवार को टोंक आएंगे

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** ऊर्जा विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जिला प्रभारी मंत्री श्री हीरालाल नागर रविवार, 14 जुलाई को टोंक आएंगे। उनके विशिष्ट सहायक से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री नागर प्रात: 10 बजे टोंक पहुचेंगे जहां वे परिवर्तित बजट 2024-25 के संबंध में प्रेस वार्ता करेंगे। साथ ही, जिला प्रभारी सचिव एवं जिले के अधिकारियों के साथ बैठक लेंगे। इसके बाद श्री नागर ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान का शुभारंभ करेंगे।

## अब पहले वाली पुलिस नहीं, खुलकर दें अपराध की जानकारी : हेमन्त जनागल



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** नया कानून तहत शुक्रवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हिंगोनिया बुजुर्ग के छात्र-छात्राओं को थानाधिकारी हेमन्त जनागल ने बताया कि अब पुलिस पहले वाली नहीं है, समय के साथ पुलिस में बदलाव आया है। पुलिस का निसंकोच होकर घटना या अपराध की जानकारी देवें। उन्होंने यातायात नियमों की जानकारी देते हुए यातायात के नियमों की पालना करने के लिए प्रेरित किया। कांस्टेबल कन्हैयालाल ने पुलिस के ऑनलाइन सिस्टम से अवगत कराते हुए अपराध की प्रथम् सूचना रिपोर्ट दर्ज करने एंव सूचना आदान-प्रदान करने की जानकारी दी। साथ ही छात्र-छात्राओं को कार्यालयए कम्प्यूटर कक्ष, महिला डेस्क, मालखाना में रखे हथियारों की जानकारियां बताई। इस दौरान प्रधानाचार्य नवलकिशोर शर्मा, कंवरसिंह यादव, राजमल मीणा, बाबूलाल गुर्जर, गोविन्दनारायण चौधरी, हनुमान मीणा, शिवकुमार, दिनेश टेलर, सरिता मीणा व वीना शर्मा आदि मौजूद थे।

## किसान महापंचायत कल, राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट करेंगे संबोधित

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** कृषि उपज मंडी में 14 जुलाई को आयोजित होने वाली किसान महापंचायत को संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट संबोधित करेंगे। उपाध्यक्ष दशरथसिंह चौहान पलेई ने बताया कि 14 जुलाई को कृषि मंडी प्रांगण में निवाई तहसील के 41 ग्राम पंचायत के किसानों की महापंचायत सुबह10 बजे आयोजित होगी जिसको राष्ट्रीय अध्यक्ष किसान महापंचायत रामपाल जाट संबोधित करेंगे। महापंचायत में किसानों के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। उनकी मांगों को नहीं मानने पर किसानों द्वारा आगे कदम उठाया जाएगा।

## संघ के मंत्रालयिक कर्मचारियो के प्रतिनिधिमंडल की ओर से ज्ञापन सौंपा

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** राजस्थान राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी संघ ने जिला कलक्टर के नाम लिखे ज्ञापन की प्रति तहसीलदार राहुल पारीक को सौंप कर अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी को कार्य व्यवस्थार्थ लगाए जाने के आदेश को यथावत रखने की मांग की।

शुक्रवार को संघ के ब्लॉक अध्यक्ष विष्णु बारेठ के नेतृत्व में संघ के मंत्रालयिक कर्मचारियो के प्रतिनिधिमंडल की ओर से ज्ञापन सौंपा गया।



ज्ञापन में बताया गया कि राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी महासंघ द्वारा राजस्थान भू राजस्व अधिनियम के तहत तहसीलदार का पद रिक्त होने तथा तहसीलदार के पद पर स्थायी नियुक्ति होने तक तहसीलदार के रिक्त पद कार्य अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी राजपत्रित को देने की मांग लम्बे समय से करता आ रहा है। इस बाबत प्रमुख शासन सचिव राजस्व विभाग के साथ हुई वार्ता एवं सहमति भी हुई थी। इसी के आधार पर जिले के अलीगढ़ तहसील कार्यालय में ऐसा हुआ है। लेकिन राजस्व सेवा परिषद द्वारा इसका विरोध किया जा रहा है जो गेर वाजिब है। ज्ञापन में मांग की गई है कि अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी को तहसीलदार के रिक्त पद का अतिरिक्त कार्य भार सौंपा जाना सही एवं न्यायोचित है। राजस्व सेवा परिषद के इस विरोध के बाद महासंघ में भारी आक्रोश व्याप्त है।

जिसे राजस्व विभाग का मंत्रालयिक कर्मचारी घोर विरोध करता है। ज्ञापन में राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारियो के हितो की रक्षा की मांग की गई है। ज्ञापन देते समय क्षेत्र के राजस्व विभाग के सभी मंत्रालयिक कर्मचारी मौजुद रहे।

## एसपी ने सर्किल के थानाधिकारियो की ली क्राइम बैठक पर्वो व त्यौंहारो की सुरक्षा को लेकर दिए आवश्यक निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सर्किल के सभी थानाप्रभारियो की जिला पुलिस अधीक्षक संजीव नैण की अध्यक्षता में आयोजित हुई। शुक्रवार को आयोजित बैठक में एसपी नैण ने सर्किल के सभी थाना क्षैत्रो के क्राइम की समीक्षा की।

साथ ही आगामी पर्वो व त्यौंहारो को लेकर सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। एसपी ने इस दोरान थाना क्षैत्रो के सम्पति विवाद, जघन्य अपराध महिला अपराधो के अलावा थानो में अधिक समय से लम्बित प्रकरणो की समीक्षा कर इन प्रकरणो के शीध्र निस्तारण के निर्देश प्रदान किए।



क्राइम बैठक के दौरान लागू नए कानून को प्रभावी तरीके से लागू करने के निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार कस्वा, वृताधिकारी महेन्द्र कुमार मीणा सहित क्षैत्र के सभी थाना प्रभारी मौजुद रहे।

## निवाई व सदर थाना पुलिस ने अवैध बजरी से भरे हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त बरोनी पुलिस ने एक माह से फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** निवाई व सदर थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन व परिवहन के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध बजरी से भरे हुए अलग-अलग जगह से दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक संजीव नैन के आदेशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह व डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा के सुपरविजन में पुलिस गश्त के दौरान गांव हिंगोटिया तलाई के पास डांगरथल की और से अवैध बजरी से भरा हुआ एक ट्रैक्टर-ट्रॉली आता हुआ दिखाई दिया। चालक पुलिस की गाडी को देखकर ट्रैक्टर को बीच सडक पर छोडकर फरार हो गया। पुलिस ने बजरी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली को को जब्त कर लिया है। सदर थानाधिकारी जयमलसिंह ने बताया कि तुंबीपुरा रोड राहोली के तन से बजरी से भरे हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। पुलिस ने जब्त वाहनों को मय बजरी के पुलिस थाना परिसर में खडा करवा दिया है। इधर बरोनी थाना पुलिस ने एक माह से फरार वांछित आरोपी बबलू माली पुत्र हीरालाल निवासी मोहल्ला नाथान सिरस को एमएमडीआर एक्ट में गिरफ्तार किया है।

## देशराज ने तीरंदाजी में पंजाब पटियाला से जीता पदक

**एक हाथ की अंगुलिया नहीं, धनुष के लिए पैसे नहीं, फिर भी मैदान में रोज अभ्यास करता है देशराज**

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** देशराज ने तीरंदाजी प्रतियोगिता में पंजाब पटियाला में पदक जीता है। देशराज ने बताया कि वह पिछले 4 साल से पैरालम्पिक तीरंदाजी की तैयारी में जुटा हुआ है। देशराज के माता-पिता किसान परिवार से हैं। इसलिए उनकी आमदनी उतनी नहीं है जिससे देशराज को आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवा सकें। देशराज ने बताया कि बचपन से ही उसके हाथ की अंगुलियां नहीं हैं। लेकिन फिर भी देशराज लकडी के धनुष से अभ्यास करता है। देशराज ने कहा कि उसका सपना पैरालम्पिक मैडल लाकर देश का नाम रोशन करना है। देशराज ने बताया कि गत वर्ष 2023 में पंजाब पटियाला में तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग लेकर मेडल व प्रशंसा पत्र भी प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि आधुनिक धनुष नहीं होने के कारण दूसरे साथी का धनुष लेकर तीरंदाजी में भाग लिया था। देशराज ने यह भी बताया कि गांव से 12वीं पास कर टोंक से बीए भी कर चुका है। देशराज तीन भाइयों में से सबसे छोटा है। खेल में तैयारी के लिए आर्थिक समस्या से जूझना पड



रहा है। देशराज ने बताया कि अब उनको नेशनल गेम्स की तैयारी करनी है। जो अक्टूबर महीने में तीरंदाजी की प्रतियोगिता झारखंड रांची में आयोजित होगी। देशराज के पिता रामजस गुर्जर किसान है और माता ग्रहणी है। ऐसे में परिवार की जिम्मेदारी निभाना भी बहुत मुश्किल हो रही है। टोंक जिले के उप तहसील दतवास क्षेत्र के एक छोटे से गांव कुरावदा के निवासी देशराज सीएनसी एकेडमी मानसरोवर जयपुर में रहकर तीरंदाजी गेम्स की तैयारी कर रहा था। लेकिन उनके परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने से वापस गांव में आना पडा। ऐसे में उनको विधायक और भामाशाह से उम्मीद है कि वह उसका सहयोग करें जिससे वह आगे आने वाले सभी गेम्स में भाग लेकर देश व प्रदेश का नाम रोशन कर सके।

## एकादशी महापर्व को लेकर निकाली कलश यात्रा, भोलेनाथ का किया अभिषेक

बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा ( नि.स. )।** गांव पराना में शुक्रवार को एकादशी के उधापन को लेकर सैंकड़ो महिलाओ ने कलशयात्रा निकाली। जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। कलशयात्रा को प. भागचंद शर्मा एवं प. श्रीराम गौतम के सानिध्य में विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ गांव में स्थित गणेश मंदिर से पूजा-अर्चना करके रवाना किया गया। जिसमें सैंकड़ों महिलाएं सिर पर कलश लेकर बैण्डबाजे के साथ रवाना हुई। इस दौरान बैण्डबाजे के मधुर भजनों पर श्रद्धालुओं ने जमकर ठुमके लगाए। कलशयात्रा का जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। कलशयात्रा गणेश मंदिर रवाना होकर गांव के मुख्य मार्गो से होते हुए चारभुजानाथ जी के मंदिर पहुंची। जहां कलशों के जल से भगवान शिवजी के अभिषेक करके विद्धावान पण्डितों सानिध्य में श्रद्धालुओं ने मंत्रोचारण के साथ हवन कुण्ड मे आहुतिया दी। जिससे आस-पास का वातावरण वेद मंत्रो से गुंजायमान हो गया। इस दौरान कई धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन भी किया गया। जिसमें श्रद्धलुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की।

# सीआईडीएसएसबी उदयपुर में तैनात बाबू ने प्रेमिका और उसके बच्चे का रेता गला

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** (सीआईडी एसएसबी उदयपुर में तैनात बाबू ने रुपयों की लगातार बढ़ती डिमांड से परेशान होकर अपनी प्रेमिका और उसके बच्चे का गला रेत दिया। फिलहाल मां-बेटे का अस्पताल में उपचार जारी है। इस मामले में हरमाड़ा थाना पुलिस ने कुछ ही घंटों में आरोपी बाबू को पकड़ भी लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ में जुटी है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि शुक्रवार सुबह इत्तला मिली कि हरमाडा थाना इलाके के नींदड पहाड़ी के जंगल में एक महिला और बच्चा घायल अवस्था में पड़े है। सूचना पर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने तुरंत घायलों को कांवटिया अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को सवाई मानसिंह अस्पताल रेफर कर दिया गया। पूछताछ के बाद पुलिस ने हमलावर सीआईडी एसएसबी उदयपुर में तैनात बाबू को टोंक रोड सांगानेर से गिरफ्तार कर लिया।

**मकान दिलाने के बहाने लेकर आया था जयपुर, बेटे ने बचाई जान :** थानाधिकारी दिलीप खादव ने बताया कि मामले में गिरफ्तार खड़क सिंह काशी नगर का रहने वाला है। आरोपी घायल विधवा गीता देवी और उसके बेटे को जयपुर में मकान दिलाने के बहाने जयपुर लेकर आया था। ट्रेन से उतरने के बाद ऑटो रिक्शा कर उन्हें जमीन से गड़ा सोना निकालने का बहाना कर नींदड़ बैनाड़ के जंगल में ले गया। वहां पर आरोपी ने पहले गड्ढा खोद लिया। इसके बाद धोखे से महिला के गले को आगे व पीछे से और बच्चे के गले को आगे से रेत दिया। महिला व बच्चे ने बचने के लिए आरोपी से काफी संघर्ष किया। बच्चे ने अपने बचाव में पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। इस पर आरोपी दोनों को घायल अवस्था में छोड़कर वहां से भाग निकला। महिला व बच्चे को घायल अवस्था में पड़ा देखकर राहगीर ने पुलिस को सूचना दी थी। थानाधिकारी ने बताया कि मौके पर पहुंचकर गंभीर रूप से घायल मां-बेटे को तुरंत अस्पताल पहुंचाने के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया और मामले की सूचना देकर अस्पताल प्रशासन को भी अलर्ट कर दिया था। चाकू से गला रेतने के कारण दोनों का काफी मात्रा में खून बह गया था। हमले में घायल गीता देवी और उसके बेटे 9 वर्षीय आशीष का अस्पताल में उपचार जारी है।

**बांसवाड़ा में हुई थी दोस्ती, डिमांड बढ़ने पर बनाई हत्या की योजना :** थानाधिकारी ने बताया कि उदयपुर से पहले खड़क सिंह की बांसवाड़ा में पोस्टिंग थी। इसी दौरान अंबापुर बांसवाड़ा निवासी गीता देवी पत्नी स्व तोलाराम मीणा खड़क सिंह के सम्पर्क में आई थी।

दोनों में दोस्ती हो गई। दोस्ती अवैध सम्बंधों में बदल गई। इसके बाद आरोपी खड़क सिंह का तबादला उदयपुर में हो गया। महिला भी उसके पीछे-पीछे उदयपुर आ गई। यहां आरोपी ने उसके किराए का कमरा दिला दिया।

यहां रहने के दौरान गीता देवी द्वारा आरोपी से रुपयों की डिमांड की जाने लगी। लगातार रुपयों सहित अन्य वस्तुओं की डिमांड बढ़ने और मामले की जानकारी खड़क सिंह के परिवार तक पहुंचने के डर से आरोपी ने महिला व उसके बच्चे को जान से मारने की योजना बना डाली।



# जवाहर कला केंद्र में कला प्रदर्शनी अयोध्या के रामलला रहे आकर्षण का केंद्र

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जवाहर कला केंद्र में शुक्रवार को 76 वर्षीय कलाकार प्रताप कुमार भाटिया की ओर से आयोजित कला प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। सुरेख दीर्घा में 14 जुलाई तक सुबह 11 से शाम 7 बजे तक प्रदर्शनी लगाई गई है जहां 150 से अधिक पेंसिल स्केच प्रदर्शित किए जा रहे हैं। प्रदर्शनी का उद्घाटन चेतन कुमार शर्मा, वरिष्ठ लेखाधिकारी, जेकेके ने किया। कार्यक्रम में बीजेपी नेता रवि नैयर बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। पहले दिन बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

**जीव और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश :** प्रताप कुमार भाटिया ने बताया कि उन्होंने स्केचिंग की कोई फॉर्मल ट्रेनिंग नहीं ली है बल्कि कोरोना काल के दौरान लॉकडाउन में सिर्फ अपने खालीपन को दूर करने के उद्देश्य से पेंसिल उठाई और अपने पैशन को फॉलो करना शुरू कर दिया। अब तक वह विभिन्न कैटेगरी में स्केच बना चुके हैं जिनमें राजनेता, उद्योगपति, वंडर्स ऑफ द वर्ल्ड, हिस्टोरिकल मॉन्यूमेंट्स, फल-सब्जियां, पशु-पक्षी व फेमस पर्सनैलिटीज के स्केच मुख्य हैं। इसके अलावा अयोध्या के रामलला का स्केच प्रदर्शनी में आकर्षण का केंद्र रहा। भाटिया ने अपने स्केच में जीव संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

**लुप्त हो चुके डोडो पक्षी के स्केच ने खींचा ध्यान :** पशु-पक्षियों की कड़ी में तैयार किया गया डोडो पक्षी का स्केच आपका ध्यान अपनी ओर खींचता है। ऐसा न सिर्फ इस वजह है कि क्योंकि यह साधारण से काफी अलग दिखाई पड़ता है बल्कि इसलिए भी क्योंकि यह प्रजाति अब लुप्त हो चुकी है। डोडो हिंद महासागर के द्वीप मॉरीशस का एक स्थानीय पक्षी है। भाटिया ने मॉरीशस के डोडो संग्रहालय में संरक्षित पुराने रेखाचित्र से प्रेरित होकर यह स्केच तैयार किया है।

**साधारण स्केचिंग से ज्यादा मुश्किल है डार्क ब्लैक स्केचिंग :** भाटिया बताते हैं कि इनके बनाए ज्यादातर स्केच नॉर्मल शेड में तैयार किए गए हैं लेकिन सबसे ज्यादा समय डार्क स्केचिंग में लगता है क्योंकि उसमें बारीकियां उकेरना आसान नहीं होता। द्रौपदी मुर्मू, रामलला व कुछ पशुओं के स्केच डार्क पेंसिल से तैयार किए गए हैं।

**वास्तविक दिखाई पड़ते हैं ड्रैगन फ्रूट, अमरूद व मैंगो स्लाइस :** प्रदर्शनी में फ्रूट्स कैटेगरी में ड्रैगन फ्रूट, अमरूद के कटे फलों का स्केच बिल्कुल वास्तविक दिखाई पड़ता है। इसमें इनके बीजों को काफी बारीकी से पेंसिल द्वारा उकेरा गया है। इसके अलावा केले, स्लाइस्ड मैंगो के स्केच भी प्रदर्शनी में शामिल हैं।

एम.बी.एम. विश्वविद्यालय का प्रथम दीक्षांत समारोह आयोजित : संविधान स्तम्भ का किया लोकार्पण

# प्रौद्योगिकी शिक्षा के तहत विश्वविद्यालय युवाओं को नवाचारों से जोड़ते हुए शोध की मौलिक भारतीय दृष्टि से संपन्न करे : राज्यपाल

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर/जोधपुर, (का.स.)।** राज्यपाल और कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र ने कहा कि प्रौद्योगिकी शिक्षा के तहत विश्वविद्यालय युवाओं को नवाचारों से जोड़ते हुए शोध की मौलिक भारतीय दृष्टि से संपन्न करे। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा का उद्देश्य छात्रों में निहित अद्वितीय क्षमताओं को पहचान कर, उन्हें भविष्य के अवसरों के लिए तैयार करना है। उन्होंने विद्यार्थियों से आव्हान किया कि वे अर्जित ज्ञान का उपयोग राष्ट्र और समाज के विकास के साथ ही मानवता के कल्याण मे करें। राज्यपाल श्री मिश्र जोधपुर स्थित एम.बी.एम विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रबंधन करना हमारी प्राथमिकता है। इस पहल के तहत सभी विश्वविद्यालय ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए विशेष कदम उठाए है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय समय पर दीक्षांत समारोह आयोजित कर विद्यार्थियों को समय पर उपाधियां प्रदान करें। इससे विद्यार्थी भविष्य में और अधिक ऊर्जा के साथ अपना सर्वस्व देने के लिए तत्पर रहेंगे।श्री मिश्र ने कहा कि शिक्षण में जो भी प्रौद्योगिकी विकसित करें वह युगानुकूल हो। उसका उपयोग मानव कल्याण के लिए करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी वैदिक भारत के सिद्धांतों को आधार बनाकर ऐसे नवाचार करें जो प्रकृति के अनुकूल हो। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी शिक्षण संस्थान तकनीकी शिक्षा में मानवीय मूल्यों का समावेश करें, जिससे विद्यार्थी न केवल भविष्य के लिए अच्छे इन्सान और बेहतर नागरिक बनेंगे, बल्कि सांस्कृतिक रूप में भी और अधिक संपन्न होंगे।

समारोह में राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कुल 19 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान किए। जिसमें 13 गोल्ड मेडल यूजी के विद्यार्थियों को, 4 गोल्ड मेडल पीजी के विद्यार्थियों को एवं 2 गोल्ड मेडल एमसीए के विद्यार्थियों को प्रदान किए गए। साथ वर्ष 2022 एवं 2023 में उत्तीर्ण कुल 680 विद्यार्थियों को स्नातक में उपाधियां प्रदान की गई। इसी प्रकार कुल 167 विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर में, 28 विद्यार्थियों को बी आर्किटेक्चर में, 52 विद्यार्थियों को एमसीए में एवं 11 विद्यार्थियों को पी.एच.डी की उपाधि प्रदान की गई। दीक्षांत समारोह में एम.बी.एम. विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजय कुमार शर्मा ने प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। राज्यपाल ने आरंभ में सभी को संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्यों का वाचन करवाया।

# विदेशों से ड्रग्स मंगवा कर जयपुर में सप्लाई करने वाले चढ़े पुलिस के हत्थे, भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ-नगदी जब्त



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन ''क्लीन स्वीप'' के तहत शिवदासपुरा एवं मालवीय नगर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा,चरस,एमडी ड्रग्स, एलएसडी पेपर, नशीली दवा की तस्करी करने वाले तीन तस्करों को पकडा और उनके पास से भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ सहित हजारों रुपये की नकदी बरामद की है। पुलिस जानकारी के अनुसार अवैध मादक पदार्थ की अनुमानित अंतर्राष्ट्रीय कीमत 10 लाख रुपये है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी ने शिवदासपुरा एवं मालवीय नगर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले सुनिल बलोदा (38) निवासी मुकुन्दगढ़, जिला झुन्झुनू हाल षिवदासपुरा जयपुर,ललित कुमार (21) निवासी ताजगंज जिला आगरा उत्तरप्रदेष और अमीकुल हक (28) निवासी कोलावाड़ी कोतवाली जिला कूचबिहार पष्चिम बंगाल हाल मालवीय नगर जयपुर को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ चरस 01 किलो 57 ग्राम, हाईब्रिड (ओजी) गांजा 60.01 ग्राम, एमडी ड्रग्स 13 ग्राम, एलएसडी टेबलेट 08.05 ग्राम, एलएसडी पेपर 02.07 ग्राम, गांजा 04 किलो 400 ग्राम, बिक्री राशि 68 हजार 900 रुपये एवं परिवहन में प्रयुक्त 01 पावर बाईक बरामद की है। पुलिस की माने तो जब्त किए अवैध मादक पदार्थ की अनुमानित अन्तर्राष्ट्रीय कीमत 10 लाख रुपये आकी है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपित सुनिल बलोदा पुलिस थाना मुकुन्दगढ़ जिला झुन्झुनू को हिस्ट्रीशीटर अपराधी है, जो पुलिस थाना दादिया जिला सीकर के नकबजनी के प्रकरण में 3000 रुपये एवं पुलिस थाना मुकुन्दगढ़ जिला झुन्झुनू के 03 प्रकरणों में 5000 रुपये का ईनामी अपराधी है। आरोपित के विरुद्व सीकर एवं झुन्झुनू में चोरी, नकबजनी एवं मारपीट के करीब 19 प्रकरण दर्ज है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि यह मादक पदार्थ कोरियर द्वारा दिल्ली से बसों में मंगवाता है और यह मादक पदार्थ विदेशों से आती है। आरोपित ने मादक पदार्थ का कॉलेजों के हाईप्रोफाईल छात्रों, रेव पार्टियों एवं क्लबों में सप्लाई करता है। पुलिस आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ करने में जुटी है।

# पीएचईडी वरिष्ठ सहायक दस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की सवाई माधोपुर टीम ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) ग्रामीण उपखण्ड सवाई माधोपुर के वरिष्ठ सहायक हरिओम गोयल को परिवादी से दस हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की सवाई माधोपुर टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि उसके पिताजी के पीएल के जमा पैसे पास करवाने एवं सेवानिवृति संबंधी कार्यो को करवाने की एवज में पीएचईडी का वरिष्ठ सहायक हरिओम गोयल की ओर से दस हजार रूपये की रिश्वत राशि की मांग की जा रही है। जिस पर एसीबी की सवाई माधोपुर टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए पीएचईडी का वरिष्ठ सहायक हरिओम गोयल को दस हजार रूपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया गया है।

# नशे की लत के चलते युवती ने युवक के साथ मिलकर कर रही थी चेन स्नेचिंग

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर(का.स.)।** शिप्रापथ थाना पुलिस ने एक युवती को गिरफ्तार किया है जो कि नशे की लत के चलते चेन स्नेचिंग करती थी। पुलिस ने युवती के साथी को भी गिरफ्तार किया है। खास बात यह है कि नशे की बुरी लत के चलते ही युवक और युवती को परिवार ने घर से निकाल दिया। युवक बाइक चलाता था और युवती महिलाओं की चेन तोड़ती थी। पुलिस ने बताया कि पिछले छह माह से दोनों किसी स्थाई जगह पर नहीं रहे। इनको जहां जगह मिलती वहीं रहने लगते। प्रारंभिक पूछताछ में इन लोगों ने बुजुर्ग महिलाओं के साथ लूट करने की बात स्वीकार की है। वह सूने मकानों में भी कई चोरी की वारदात कर चुके हैं। थानाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि चेन स्नेचिंग, लूट और चोरी के मामले में अरुण उर्फ काकू (23) निवासी मानसरोवर और कोमल मौर्या (22) निवासी दौसा को गिरफ्तार किया है। दोनों को स्मैक लेने की लत है। दोनों त्रिवेणी नगर (जयपुर) में बजरी मंडी के पास एक महिला से स्मैक खरीदते थे। करीब एक साल पहले यहां पर इनकी दोस्ती हुई। इसके बाद दोनों ने स्मैक मिलने के दूसरे ठिकानों की जानकारी एक-दूसरे से शेयर की। सस्ती स्मैक के लिए दोनों एक साथ स्मैक खरीदने जाते थे।

# तीर्थ नगरी गलता पीठ में भव्य संत भंडारे का हुआ आयोजन

## जयकरों के साथ सैकड़ो संतों ने पाई प्रसादी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** तीर्थ नगरी गलता पीठ में गलापीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य महाराज के पावन सान्निध्य में गुरुवार को भव्य सन्त भण्डारे का आयोजन संपन्न हुआ । श्री गलता पीठ के युवाचार्य स्वामी राघवेन्द्र ने बताया कि श्री गलता पीठ में गलतापीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य महाराज के पावन सान्निध्य में श्री गलता गादी के संस्थापक आचार्य कृष्णदास पयोहारी जी महाराज एवं सन्त रणछोड़दास को समर्पित कर भव्य सन्त भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जयकारों के साथ सैंकड़ों संतों ने प्रसादी ग्रहण की।

# राजस्थान के 2 लोगों में मिला दुर्लभ प्रकार का ब्लड ग्रुप ए-एंड, देशभर में सिर्फ 8 में ही इसकी पहचान

## नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर में सर्जरी के लिए आए थे दोनों व्यक्ति

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान के 2 लोगों में ए ग्रुप के ब्लड का दुर्लभ प्रकार ए-एंड मिला है। ये दोनों जयपुर के नारायणा हॉस्पिटल में सर्जरी के लिए आए थे। डॉ. तृप्ति बारोट कंसलटेंट ट्रांसफूसिओं मेडिसिन ने बताया कि एक व्यक्ति मई व दूसरा जून में इलाज के लिए आया था। इन्हें ब्लड चढ़ाने की जरूरत पड़ी तो जांच में ब्लड ग्रुप की पहचान नहीं हुई। केवल यह सामने आया कि ए ग्रुप का कोई सब ग्रुप है। इसका पता लगाने के लिए दोनों के ब्लड के सैम्पल्स सूरत के डॉ. सन्मुख जोशी के पास भेजे जाते है । उनकी जांच में सामने आया कि इनका ब्लड ए ग्रुप में ए-एंड प्रकार का है, जो दुर्लभ श्रेणी में आता है। भारत में सभी दुर्लभ रक्त प्रकारों की खोज इंडियन सोसाइटी ऑफ ब्लड ट्रांसफ्यूजन एंड इम्यूनोहेमटोलॉजी की ओर से प्रकाशित एशियन जर्नल ऑफ ट्रांसफ्यूजन साइंस में प्रकाशित रिसर्च पेपर के अनुसार भारत में ए-एंड ब्लड ग्रुप के 6 व्यक्ति चिह्नित थे। राजस्थान के 2 व्यक्तियों में इसकी पुष्टि होने के बाद इसकी संख्या बढ़कर 8 हो गई है। सूरत की ट्रांसफूसिओं सोसाइटी ने बताया कि भारत में इस दुर्लभ ब्लड प्रकार के पहले व्यक्ति की पहचान 2016 में हुई थी। अगले 7 साल में 5 और व्यक्तियों की पहचान हुई। अब राजस्थान में 2 लोग में ये दुर्लभ ग्रुप मिला है। नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर के ट्रांसफूसिओं मेडिसिन कंसलटेंट, डॉ. तृप्ति बारोट ने बताया दोनों व्यक्ति सर्जरी के लिए आए थे। ए-एंड टाइप की पहचान होने के बाद इस ग्रुप का ब्लड नहीं मिला तो डोनर से क्रॉस मैच कम्पेटिबिलिटी के बाद ओ ग्रुप का रक्त चढ़ाया। दोनों को डिस्चार्ज किया जा चुका है। ए-एंड ब्लड ग्रुप वाले व्यक्ति को या तो इसी ग्रुप का ब्लड चढ़ाया जा सकता है या क्रॉस मैच कम्पेटिबिलिटी के बाद ओ ग्रुप का। चूंकि पूरे देश में अब तक ए-एंड प्रकार के 8 व्यक्तियों ही पहचान हुई है इसलिए इस ग्रुप का डोनर मिलना अंसभव जैसा है। ज्यादा संभावना यही है कि ओ ग्रुप के डोनर से क्रॉस मैच कम्पेटिबिलिटी के बाद ब्लड चढ़ाया जाए। बता दें कि दोनों मरीजों की सफल सर्जरी हो चुकी है।नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर के क्लिनिकल डायरेक्टर डॉ. प्रदीप कुमार गोयल ने बताया की हमें ख़ुशी है की ऐसे दोनों मामले हमारे पास आयें और हमने कम्पेटिबल ब्लड ग्रुप द्वारा सफल सर्जरी की।

# एसओजी ने फर्जी डिग्री बनवाने में सहयोग करने वाले आरोपित का पकड़ा

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए चित्तौड़गढ़ स्थित मेवाड़ यूनिवर्सिटी से फर्जी डिग्री बनवाने में सहयोग करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से एसओजी मुख्यालय में पूछताछ चल रही है। आरोपी मनोहर लाल (28) पुत्र बाबूलाल सांचौर का रहने वाला हैं। दो अभी सांचौर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय झाब में पुस्तकालय अध्यक्ष के पद पर पोस्टेड है। वहीं शनिवार को आरोपित को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) एटीएस और एसओजी राजस्थान जयपुर वीके सिंह ने बताया कि एसओजी यूनिट अजमेर और जोधपुर, सांचौर जिला पुलिस ने आरोपी मनोहर लाल बिश्नोई को झाब से डिटेन किया। आरोपी मनोहर लाल के खिलाफ अजमेर के सिविल लाइंस थाने में फर्जी डिग्री को लेकर एफआईआर दर्ज की गई थी। जिसकी जांच एसओजी के द्वारा किया जा रही थी। जानकारी के अनुसार आरोपी मनोहर लाल बिश्नोई ने कमला कुमारी के नाम से फर्जी डिग्री बनाने में सहयोग किया था। आरोपी पूर्व में गिरफ्तार दलपत सिंह (कमला कुमारी का भाई) व अन्य के साथ मिलकर मेवाड़ यूनिवर्सिटी से एमए हिन्दी की फर्जी डिग्री लेने में आरोपी ने सहयोगी है। पुलिस पूछताछ में और भी कई चौकाने खुलासे होने की सम्भावनाएं है।

# 21 जुलाई से 4 अगस्त तक होगा हरिद्वार में धार्मिक शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर(का.स.)।** आर्ष संस्कृति दिग्दर्शक ट्रस्ट की ओर से 21 जुलाई से 4 अगस्त तक हरिद्वार में धार्मिक शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत प्रतिदिन पार्थिव शिवलिंग पूजन और रुद्राभिषेक होगा। धर्म प्रचारक विजय शंकर पांडेय ने बताया कि आदर्शनगर स्थित स्वयंभू महादेव मंदिर में शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज, गोविंद देव जी मंदिर के प्रबंधक मानस गोस्वामी, श्री सरस निकुंज के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने आयोजन के पोस्टर का विमोचन किया। धार्मिक शिविर हरिद्वार की नक्षत्र वाटिका में होगा। हरियाली अमावस्या, चार अगस्त को काल सर्प दोष एवं पितृ दोष निवारण विशेष पूजन कनखल में सोमेश्वर धाम में गंगा तट पर होगा। सामूहिक पार्थिव शिवलिंग पूजन कर दुग्ध और गंगाजल से अभिषेक किया जाएगा। चार अगस्त के पूजन में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है।

# सामूहिक विवाह सम्मेलन 15 को, चार जोड़े बंधेंगे परिणय सूत्र में

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** श्री शिव शक्ति नवयुवक मण्डल संस्थान, हीदा की मोरी की ओर से सोमवार, 15 जुलाई को गोनेर रोड स्थित किशन महल गार्डन में दोपहर सवा बारह बजे जरूरतमंद परिवारों की चार बेटियों का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। एक दिन पूर्व रविवार, 14 जुलाई को शाम चार बजे मंडल स्थान श्याम कुंज लक्ष्मी नगर-बी बताशा फैक्ट्री गोनेर रोड से बाबा श्याम की झांकी के साथ कलश यात्रा और शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें करीब डेढ़ सौ महिलाएं सिर पर कलश लेकर मंगल गीत गाती चलेंगी। वहीं करीब 70 युवा हाथों में श्याम प्रभु का निशान लेकर चलेंगे। जगह-जगह शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा।

## लकड़ी से मार मार कर प्रॉपर्टी डीलर की हत्या, खेत में छोड़ गए शव

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** शहर के बोरखेड़ा थाना इलाके में हत्या का मामला सामने आया है। मृतक पेशे से प्रोपर्टी डीलर था। वह रात को अपने खेत पर गया था, वहीं मृत मिला।परिजन ढूंढते हुए पहुंचे तो वह खेत पर अचेत अवस्था में मिला। सिर पर लकड़ी से चोट के निशान थे। अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज जांच पड़ताल शुरू कर दी।बोरखेड़ा थाना अधिकारी राम लक्ष्मण को गुर्जर के अनुसार 44 वर्षीय सत्यप्रकाश अपने घर से किराने का सामान लेने निकला था। इसके बाद वह अपने खेत पर चला गया। इस बीच वह अपने खेत पर ही अचेत अवस्था में मिला। परिजन उसे अस्पताल लेकर आ गए। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर शव मोर्चरी में रखवा दिया। शुक्रवार सुबह देखने पर उसके सिर पर चोट का निशान मिला है। ऐसे में परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है और इस संबंध में मुकदमा भी दर्ज कर लिया।

### पत्नी से बात हुई थी अंतिम बार

मृतक के ताऊ के बेटे दीपक मालव का कहना था कि रात 10 बजे अंतिम बार उनकी पत्नी से बात हुई थी। तब उन्होंने कहा था कि वह खेत पर है और मोटर चल रही है। यहां से फ्री होकर घर आ जाएंगे। काफी देर बाद भी जब सत्यप्रकाश नहीं आया, तब उनकी पत्नी ने दोबारा फोन किया। उस समय उनका मोबाइल स्विच ऑफ आया। इस पर परिवार के लोग तलाशते हुए खेत पर पहुंचे, जहां वे चोटिल अवस्था में मिले। उनके सिर पर किसी लकड़ी या अन्य हथियार से चोट पहुंचाई गई थी। कार मौके पर ही खड़ी थी, लेकिन उसकी चाबी और मोबाइल गायब था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया. पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

## स्टूडेंट्स की समस्याएं सुनेंगे आईजी और एसपी मौके पर ही समाधान की होगी कोशिश

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** शहर में स्टूडेंट्स को बेहतर माहौल देने और उनकी समस्याओं के निराकरण को लेकर प्रशासन की तरफ से कई कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में अब आईजी और एसपी स्टूडेंट्स से सीधा संवाद करेंगे। इसके लिए 13 जुलाई को शाम चार से 6 बजे तक सीधा संवाद का आयोजन रखा गया है। एसजीएन गार्डन कुन्हाड़ी में आईजी रविदत्त गौड़ और एसपी अमृता दुहन स्टूडेंटस की समस्याएं सुनेंगे। पुलिस के देश के विभिन्न प्रांतो से आकर कोटा शहर में रहकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे है। जिनकी हॉस्टल, कोचिंग इंस्टीट्यूट, कोचिंग एरिया व अन्य गतिविधियों के सम्बन्ध में आने वाली सभी समस्याओं के निराकरण के लिए सीधा संवाद स्थापित कर तत्काल उचित समाधान का प्रयास किया जाएगा। ऐसे में पुलिस ने स्टूडेंटस तक भी मैसेज पहुंचाया है कि कुन्हाडी क्षेत्र में रहकर पढ़ाई कर रहे छात्र छात्राएं जो कोचिंग व पढाई से संबधित किसी भी प्रकार की समस्या से जूझ रहे हैं तो वह 13 जुलाई को आईजी-एसपी के समक्ष आकर अपनी बात रख सकते हैं। किसी छात्र छात्रा को सबके सामने अपनी समस्या बताने में संकोच हो तो व्यक्तिगत रुप से भी मिलकर अपनी समस्या से अवगत करवा सकते है।

## चातुर्मास को लेकर जैन साध्वियों ने जयकार उद्घोष के साथ कपासन में मंगल प्रवेश किया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** चतुर्मास के लिए जैन साध्वियों द्वारा शुक्रवार को जयकार उद्घोष के साथ नगर में मंगल प्रवेश किया गया।साथ ही धर्मसभा में साध्वियों ने धर्म तप के साथ आत्म कल्याण का प्रशस्त करने पर प्रकाश डाला। साधुमार्गी जैन संघ के मंत्री गजेंद्र बाघमार ने बताया कि आचार्य रामलाल मरासा की आज्ञानुवर्ती की महासतिया शासन दीपिका श्री,विद्यावती,नमन, मर्यादा,हर्षिता,सतिया का चातुर्मास के लिए शुक्रवार को नगर कपासन स्थित समता भवन में मंगल प्रवेश हुआ।जिसमे प्रात: 8.30 बजे संपतलाल हिंगड़ के मकान से जयकार उद्घोष के साथ प्रस्थान कर पांचबत्ती चौराहा,सदर बाजार होकर समता भवन में पदार्पण हुआ।महासतिया ने शुक्रवार को धर्मसभा नवकार महामंत्र का स्मरण करते हुवे।चातुर्मास को धर्म तप के साथ आत्म कल्याण के मार्ग को प्रशस्त करने पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर श्रावक श्राविका द्वारा चातुर्मास मे त्याग तप आराधना के साथ चातुर्मास को भव्यता प्रदान करने का संकल्प लिया गया।साथ ही पाठशाला की बालिकाओं द्वारा स्वागत गीत के द्वारा अभिनंदन किया गया।इस धर्म सभा में चातुर्मास समिति संयोजक मदन चंडालिया, साधुमार्गी जैन संघ अध्यक्ष अरुण चंडालिया,मेवाड़ अंचल पर्व अध्यक्ष अशोक चंडालिया,छीतरमल बाघमार,अशोक बाघमार,अशोक चिप्पड़ प्रतापगढ़, मेघराज व शान्तिलाल सेठ जयपुर,अनिल बाघमार, सतीश चंडालिया, समता युवा संघ अध्यक्ष सुगन बाघमार,मंत्री अखिलेश चंडालिया,समता महिला मंडल मंत्री,भूपालसागर,गिलुंड आदि समीपवर्ती संघों के प्रतिनिधि उपस्थिति रहे।

## राजभवन रोड शाखा में पेंशनरों का किया सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**कोटा/ जयपुर।** एसबीआई की राजभवन रोड शाखा में शुक्रवार को पेंशनरों का सम्मान कर उन्हें बैंक की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया। इसके अलावा उनको सायबर फ्रॉड से बचने के उपाए भी बताए गए। इस दौरान मुख्य प्रबंधक अतुल कुमार, उप शाखा प्रबंधक राम दयाल बड़ौदिया तथा पंकज गुप्ता इत्यादि उपस्थित थे।

## ट्रैक्टर के नीचे दबने से मजदूर की मौत, ईंटे खाली करते समय नीचे गिरा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** जिले के सुल्तानपुर थाना क्षेत्र में नापाहेड़ा गांव में ट्रैक्टर ट्रॉली के नीचे दबने से मजदूर की मौत हो गई। परिजन शव के पोस्टमार्टम के बाद सुल्तानपुर थाने के बाहर पहुंच गए। ट्रैक्टर चालक के खिलाफ हत्या की धारा में मामला दर्ज करने व आर्थिक सहायता की मांग पर अड़ गए। पूर्व उपप्रधान नरेश नरुका मौके पर पहुंचे। कार्रवाई के आश्वासन पर 15 मिनट के बाद परिजन घर की ओर रवाना हुए। जानकारी के अनुसार सत्यनारायण बैरवा (32) निवासी नापाहेड़ा, ट्रैक्टर ट्रॉली पर मजदूरी करता था। गुरुवार को ईंट से भरी ट्रॉली को खाली करने गया था। रात 9 बजे करीब डंपर से ईंटें नहीं गिरी तो सत्यनारायण डंपर पर चढ़ गया। उसी दौरान चालक ने ट्रैक्टर को पीछे लिया।

# 'में भी भगत सिंह' अभियान के तहत बाबरिया खेड़ा ग्राम में पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ

### ग्रामवासियों के सहयोग से 5000 पौधे लगाने का लक्ष्य किया निर्धारित

बढ़ता राजस्थान




**कपासन ( नि.स. )।** पर्यावरण संरक्षण संबंधित पारिवारिक वानिकी कार्यक्रम में भी भगतसिंह अभियान के अंतर्गत क्षेत्र के बाबरिया खेड़ा ग्राम में राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत एवं नवयुवक मंडल बाबरिया खेड़ा के संयुक्त तत्वावधान में पौधारोपण अभियान प्रारंभ किया गया।इस दौरान ग्रामवासियों,युवा एवं गणमान्यजनों द्वारा एक पौधे को पालने व निगरानी रखने की शपथ ली गयी।

संगठन के जिला संयोजक जयपाल बुरड़क ने बताया कि जलवायु परिवर्तन व भू-उपयोग परिवर्तन से वर्तमान में पर्यावरण प्रदुषण का संकट गहराता जा रहा है।राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत द्वारा प्रदेशव्यापी मुहिम शुरू गई। प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य सुमेर सिंह ने बताया कि इस वर्ष के जुलाई-अगस्त माह में संगठन व स्थानीय ग्रामवासियों के सहयोग से 5000 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस मौके पर नवयुवक मंडल बाबरियाखेड़ा सुनील जाट,ब्लॉक मंत्री सुरेश कुमार,उपाध्यक्ष रामसिंह चौधरी,कोषाध्यक्ष शंकरलाल चौधरी,संघर्ष समिति संयोजक राजेंद्र यादव,संयुक्त मंत्री मानसिंह,शिक्षक प्रमोद जांगिड,रामनारायण विश्नोई,महिपाल चौधरी, सुमनप्रकाश,दिनेश चौधरी,मुकेश चौधरी, रामप्रकाश माहिया,निर्माण श्रमिक संगठन जिला महामंत्री हनीफ मोहम्मद मंसूरी,गोपीदास,गोपाल जाट,भैरूलाल जाट,अशोक शर्मा,रोहित जोशी, सोनू, मिट्ठूलाल, सोहन,खुशी,रामेश्वर बैरवा, गोवर्धन बैरवा, मोहन बैरवा,हेमराज भील,राजविका, संयोजक टीना जोशी,पूजा बुनकर,सपना बुनकर, प्रियंका जाट,अन्नाछी बाई,कमला बाई सहित युवा एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## हिंगी आवासीय स्कूल भवन का 68 लाख रुपए से होगा जीर्णोद्धार

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के प्रयासों से डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय बालिका आवासीय स्कूल हिंगी में भवन की मरम्मत के कार्य के लिए 68 लाख रुपए स्वीकृत कराए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि सांगोद के निकट हींगी में स्थित स्कूल में कक्षा 6 से 12 तक की शिक्षा होती है।

स्कूल में स्थित शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक कक्षा कक्षों के साथ भवन की मरम्मत की लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जा रही थी। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर की अनुशंसा पर स्कूल भवन की मरम्मत और जीर्णोद्धार कार्यों के लिए स्वीकृत 68 लाख रुपए की राशि से विभिन्न कार्य कराए जा सकेंगे।

## लिफ्ट से गिरकर महिला के मौत के मामले में प्रदर्शन

### थाने के बाहर खड़ी की एम्बुलेंस, 40 लाख मुआवजे की मांग

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** शहर के श्रीनाथपुरम ई इलाके में एक महिला की लिफ्ट में फंसने के बाद बाहर निकालते समय गिर जाने से मौत के मामले में घरवाले थाने के बाहर धरने पर बैठे गए।

परिवार ने चालीस लाख रुपए मुआवजे की मांग की है। साथ ही अपार्टमेंट में रहने वाले भाइयों के खिलाफ कार्यवाही की मांग भी की है। गौरतलब है कि श्याम नगर की रहने वाली रूकमणि (43) श्रीनाथपुरम ई निवासी विनोद कुमार के यहां साफ सफाई का काम करने जाती थी। विनोद और उसके भाइयों का परिवार अपार्टमेंट में रहता है।

गुरुवार दोपहर को वह साफ सफाई का काम खत्म करके लौट रही थी। इस दौरान पांच मंजिला भवन की लिफ्ट तीसरी मंजिल से थोड़ा नीचे बंद हो गई। रूकमणी लिफ्ट बंद होते ही घबरा गई और शोर मचाना शुरू कर दिया। काफी देर तक उन्होंने शोर मचाया लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। उन्होंने लिफ्ट पर हाथ मारना और शोर मचाना जारी रखा। इसी दौरान तीसरे फ्लोर पर रहने वाली महिलाओं ने आवाज सुनी। इसके बाद उन्होंने लिफ्ट खोलने की कोशिश की लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। करीब एक घंटे बाद महिलाओं ने उनकी आवाज सुनी। इसके बाद बाहर निकालने की कोशिश की।

जानकारी के अनुसार परिवार के सदस्य स्टूल की मदद से रूकमणी को लिफ्ट के ऊपर तक निकाल रहे थे। इस दौरान स्टूल का बैलेंस बिगड़ गया और रूकमणी नीचे जा गिरी। वह तीसरी मंजिल से सीधा बेसमेंट में गिरी। बेसमेंट में पानी भी भरा हुआ था। जैसे तैसे कर उन्हें बाहर निकाला गया और निजी अस्पताल पहुंचाया जहां मृत घोषित कर दिया।

मृतका के घरवालों का आरोप है कि महिला की मौत, मौके पर ही हो गई थी लेकिन अपार्टमेंट के लोग गलत बोल रहे हैं कि वह यहां जीवित थी। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें सूचना भी घटना के काफी देर बाद दी।

घरवालों ने चालीस लाख के मुआवजे की मांग की है। रूकमणी के पति बीमार रहते हैं और कोई काम नहीं करते। दो बेटे और एक बेटी है। रूकमणी ही परिवार का पालन कर रही थी। इधर, घरवालों ने एम्बुलेंस से शव को ले जाकर आरकेपुरम थाने के बाहर खड़ा कर दिया और 40 लाख मुआवजे की मांग की।

## आईटीआई स्टूडेंट की आंख में गोली मारी, मौत

### आपसी कहासुनी में फायरिंग हुई, घर वालों से घूमने जाने की कहकर निकला था

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** जमीनी विवाद के झगड़े में बदमाशों ने आईटीआई स्टूडेंट की आंख में गोली मार दी। उसे अस्पताल ले जाया गया लेकिन, बचाया नहीं जा सका। वह अपने दोस्तों के साथ होटल पर खड़ी अपनी बाइक लेने आया था। इसी दौरान अचानक हुए हमले में फायरिंग के दौरान वह घायल हो गया। इलाज के बाद उसने दम तोड़ दिया।मामला कोटा जिले के कैथून थाना स्थित ताथेड़ गांव का रात 8 बजे का है। डीएसपी बेनी प्रसाद के अनुसार जांच में जमीनी विवाद में झगड़े की बात सामने आई है। फायरिंग में रोहित मीणा (25) पुत्र गोबरी लाल निवासी अरण्या गांव की बाई आंख में गोली लगी थी। इसके बाद उसे कोटा के निजी अस्पताल ले गए जहां उसकी मौत हो गई। आज सुबह 11:30 बजे शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। परिजनों की शिकायत पर चार नामजद सहित अन्य के खिलाफ हत्या की धारा में मामला दर्ज किया है। हमला करने वाले आसपास गांव के रहने वाले हैं। इसमें रोहित मीणा, शरणजीत, लक्की, प्रिंस, सोमेश के खिलाफ नामजद और अन्य के खिलाफ शिकायत दी है।

**दोस्तों के साथ जाने की कहकर गया था :** रोहित के चाचा गेंद बिहारी का कहना था कि रोहित आईटीआई की पढ़ाई कर रहा था। वह खेती का काम भी संभालता था। वह गुरुवार शाम को गोदल्याहेड़ी खेत पर गया था। इसके बाद वह लेबर छोड़ने के लिए आरण्या आया। इसके बाद उसने घर पर कहा कि वह अपने दोस्तों नरेंद्र मीणा, रणजीत व विजेंद्र के साथ डगारिया गांव में किसी काम से जा रहा है। इसके बाद 8 बजे रोहित पर फायरिंग की सूचना मिली थी। यहां पहुंचे और रोहित को कोटा के निजी अस्पताल ले गए जहां से उसे एमबीएस अस्पताल रेफर किया गया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# सरपंच संघ ने कलेक्टर को मुख्यमंत्री और पंचायत राज मंत्री के नाम सौपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** सरपंच संघ राजस्थान ने शुक्रवार को कलेक्टर को मुख्यमंत्री और पंचायत राज मंत्री के नाम ज्ञापन सौपा है। सरपंच संघ राजस्थान के मुख्य प्रवक्ता रफीक पठान ने बताया कि सरपंच संघ राजस्थान पिछले काफी लंबे समय से अपनी 15 सूत्र मांगों को लेकर संघर्ष कर रहा है। इसके लिए समय-समय पर धरना प्रदर्शन किये गए वह कई ज्ञापन भी सौंपे गए लेकिन अभी तक सरकार के कान पर जू नही रेंगी, सरकार ने सरपंच संघ की जायज मांगों की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया है। सरपंच संघ कोटा जिला के अध्यक्ष मोइनुद्दीन गुड्डू ने बताया कि सरपंच संघ राजस्थान ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में आ रही समस्याओं को लेकर संघर्षरत रहा है। वर्तमान समय में पंचायतों में आ रही वित्तीय एवं अन्य समस्याओं के बारें ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया की इन समस्याओं का तुरन्त समाधान किया जाये, जिससे ग्रामीण क्षेत्र में रूके हुए विकास कार्य सुचारू रूप से चल सकें एवं ग्रामीण जनता को राहत प्रदान की जा सकें। 14 जून को ज्ञापन के माध्यम से विभागीय उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया गया था परन्तु अभी तक किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सका है। सरपंच संघ कार्यकारिणी के निर्णय अनुसार राज्य स्तरीय ज्ञापन मुख्यमंत्री, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री एवं मुख्य सचिव अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रा.वि. एवं पंचायतीराज अतिरिक्त मुख्य सचिव वित विभाग सहित सभी अधिकारियों को ज्ञापन के माध्यम से अवगत करवाया जा रहा है। ज्ञापन देने वालों में सुल्तानपुर ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम यादव, सांगोद ब्लॉक अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता, इटावा ब्लॉक से संजीदा पठान, लाडपुरा ब्लॉक से मदनलाल मेघवाल, रामगंज मंडी से ब्लॉक मुकेश मीणा आदि शामिल थे।

## भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेंद्र सिंह हाड़ा ने रावतभाटा की विभिन्न समस्याओं के लिए मुख्यमंत्री से की मुलाकात

बढ़ता राजस्थान



**रावतभाटा ( नि.स. )।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेंद्र सिंह हाड़ा ने शुक्रवार को जयपुर मुख्यमंत्री निवास पहुंच कर राजस्थान के लोकप्रिय मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा,भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी,बेगू विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेश धाकड़ से मुलाकात कर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र सोपा रावतभाटा में वर्षो से रह रहे लोगों को पट्टे संबंधित समस्या,15वे वित्त आयोग के तहत विकास कार्यों के लिए नगरपालिका को राशि आवंटन करवाने हेतु,नगरपालिका द्वारा करवाए जा रही आवासीय योजना सरदार भगत सिंह नगर में एल.आई.जी. एवम ई. डब्लू.एस. श्रेणी के भूखंडों के प्रावधानों में शिथिलता प्रदान करने हेतु,सहित रावतभाटा नगर को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने हेतु सहित विभिन्न मांगो को लेकर ज्ञापन दिया शुक्रवार को भाजपा किसान मोर्चा द्वारा राजस्थान के मुख्यमंत्री द्वारा बजट में किसानों के लिए किए गए ऐतिहासिक निर्णय और किसान हित्तो को प्राथमिकता देने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का किसानों का प्रतीक हल भेट कर आभार एवम धन्यवाद दिया।

इस दौरान मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित आभार कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद सीपी जोशी,केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री व किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष भागीरथ चौधरी,देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष एवम प्रदेश महामंत्री ओमप्रकाश भड़ाना,भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी,भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच,भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेंद्र सिंह हाड़ा सहित किसान मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी,जिला अध्यक्ष,पदाधिकारी एवम पूरे राजस्थान से आए किसान प्रतिनिधि उपस्थित रहे ।

## रेपिड रोविंग सर्वे की टीम द्वारा मक्का एवं सोयाबीन फसलों में कीट-व्याधि प्रकोप का किया सर्वेक्षण

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़,( नि.स. )।** कृषि खण्ड भीलवाड़ा द्वारा गठित रेपिड रोविंग सर्वे टीम द्वारा घटियावली, गिलुण्ड, बस्सी, सोनगर आदि क्षेत्रों में मक्का एवं सोयाबीन फसलों में कीट-व्याधि प्रकोप का सर्वेक्षण किया गया। सर्वे टीम द्वारा मक्का फसल में प्रथम अवस्था में फाल आर्मी वर्म एवं सोयाबीन में सेमीलूपर कीट का प्रकोप पाया गया। जो कि आर्थिक क्षति स्तर से कम पाया गया। रेपिड रोविंग सर्वे टीम में डॉ ललित कुमार छाता, बारानी अनुसंधान केन्द्र भीलवाड़ा, डॉ0 ओम प्रकाश शर्मा उप निदेशक आईपीएम चित्तौड़गढ़, डॉ0 लक्ष्मीकंवर राठौड़, उप निदेशक कृषि खण्ड भीलवाड़ा, अंशु चौधरी सहायक निदेशक कृषि (विस्तार) चित्तौडगढ़, रमेश चन्द्र आमेटा कृषि अनुसंधान अधिकारी, ज्योति प्रकाश सिरोया कृषि अधिकारी, गोपाल लाल धाकड़ कृषि अधिकारी, योगेन्द्र सिंह राणावत सहायक कृषि अधिकारी, राधेश्याम एवं सुमन कुडी कृषि पर्यवेक्षक उपस्थित थे। कृषि विशेषज्ञों ने मक्का फसल में फाल आर्मी वर्म कीट के नियंत्रण हेतु अजाडीरेक्टिन 1500 पी.पी.एम. 2.5 ली प्रति हेक्टर प्रकाश पास/फेरोमोन ट्रेप 5 प्रति एकड अथवा इमाबेक्टिन बेन्जोएट 5 एस0जी0 0.4 ग्गाम प्रति लीटर अथवा स्पाइनोसेड 0.3 मिली लीटर पानी या थायोमेथोक्साम 12.6 प्रतिशत, लेम्डासायहेलोथ्रिन 9.5 प्रतिशत की 0.5 मिली लीटर या क्लोरेन्ट्रोनिलिप्रोल 18.5 प्रतिशत की 0.4 मिली लीटर प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर छिडकाव करने की सलाह कृषकों ने दी। सोयाबीन में सेमीलूपर कीट के नियंत्रण हेतु क्यूनॉलफॉस 25 ई.सी. 1 लीटर अथवा एसीफेट 75 एसपी 1 ग्राम प्रति लीटर पानी के साथ 20-20 दिन के अन्तराल पर छिड़काव करें।

## पर्यावरण बचाने का दिया सन्देश लायंस क्लब ने किया पौधारोपण

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** लायंस क्लब कोटा सेंट्रल द्वारा पौधारोपण फेस - 1 के तहत प्रताप नगर दादाबाड़ी पार्क में पौधारोपण किया गया। क्लब अध्यक्ष मधु ललित बाहेती ने बताया कि क्लब पीडीजी विशाल माहेश्वरी के जन्मोत्सव के उपलक्ष में क्लब सदस्यों द्वारा पार्क में 30 छायादार स्थायी पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान रीजन चेयरमैन दिनेश खुवाल, विशाल माहेश्वरी, अशोक लखोटिया, नीलम तापड़िया, आशा माहेश्वरी, रामकृष्ण बागला, राजकुमार गुप्ता, श्यामलाल गुप्ता, प्रकाश तापड़िया एवं केजी लाहोटी आदि मौजूद रहे तथा नीम, अशोक, आंवला, अमरूद, गुलमोहर जेसे पौधे लगाये गये। क्लब द्वारा फेज 2 में पाटन ग्राम में पौधारोपण किया जाएगा।



# बीजेपी नेता को बीच सड़क कुल्हाड़ी से काट डाला : दर्जनभर बदमाशों ने सरियों से कमर-पैर भी तोड़े, जयपुर में इलाज के दौरान मौत

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ।** भारतीय जनता पार्टी के नेता पर बदमाशों ने सड़क के बीच कुल्हाड़ी व दूसरे हथियारों से हमला कर दिया। बुरी तरह से घायल नेता को इलाज के लिए जयपुर लाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। घटना कोटपूतली-बहरोड़ जिले के विजयपुरा गांव की है। जानकारी के अनुसार यासीन खान गुरुवार को बीजेपी नेता परमेंद्र शर्मा और एडवोकेट जितेंद्र शर्मा के साथ किसी काम से जयपुर गए थे। शाम को काम निपटाने के बाद तीनों अलवर के लिए निकले ही थे। इसी दौरान विजयपुरा गांव के पास बोलेरो और थार जीप में सवार करीब 12 बदमाशों ने इनकी कार को रुकवा लिया।बदमाशों ने यासीन खान को कार से उतारा और पिटाई शुरू की। हमलावर इतनी बेरहमी से यासीन खान की पिटाई कर रहे थे कि उनके साथ मौजूद उनके दो साथी भी उन्हें बचाने की हिम्मत नहीं कर पाए। बदमाशों ने खान को करीब 15 से 20 मिनट तक बेरहमी से पीटा। इस दौरान उन्होंने हाथ-पैर और कमर तक तोड़ दिए। इसके बाद हमलावर यासीन को वहीं छोड़कर फरार हो गए।जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल में एडमिट कराया घायल यासीन को उनके साथी जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इधर, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस बारे में अभी तक कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। हालांकि, इस घटना के बाद बदमाशों की तलाशी शुरू कर दी गई है। यासीन का ट्रांसपोर्ट का बिजनेस है और वे पिछले 20 साल से बीजेपी से जुड़े हुए थे।

### 2 साल पहले शुरू हुआ था विवाद

स्थानीय निवासियों के अनुसार, 23 नवंबर 2023 को यासीन के भतीजे अक्सद पर अलवर शहर कोतवाली थाना क्षेत्र में आरएसएस ऑफिस के पास अकरम पुत्र अक्खा, वसीम पुत्र दिलवार, इरफान पुत्र दिलावर, इमरान निवासी बेलाका गांव और साजिद ने हमला कर हाथ-पैर तोड़ दिए थे। इन आरोपियों में से किसी एक को 2 साल पहले शादी समारोह में यासीन के बड़े भाई ने किसी बात पर थप्पड़ मारते हुए डांट दिया था। बस उसी रंजिश में पहले भतीजे पर हमला किया और अब यासीन का मर्डर कर दिया। हालांकि, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जिला प्रभारी सचिव दो दिवसीय दौरे पर धौलपुर आएंगे

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** जिला प्रभारी सचिव आईएएस रोहित गुप्ता आयुक्त वाणिज्य एवं उद्योग विभाग दो दिवसीय दौरे पर 13 जुलाई शनिवार को धौलपुर आएंगे। जिला प्रभारी सचिव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में प्रस्तावित है। अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्मलाल जाट ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा बजट 2024-25 से संबंधित राज्य स्तरीय बैठक में जिला प्रभारी सचिवों को अपने प्रभार जिलों में पहुंचकर बजट घोषणाओं के त्वरित एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश प्रदान किए गए हैं। इसी क्रम में 13 व 14 जुलाई को प्रभावी सचिव धौलपुर आएंगे। वे यहां बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के संबंध में समीक्षा करेंगे। बजट घोषणाओं का तेज गति से क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रभारी सचिव द्वारा संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी आयोजित की जाएगी।

# कम्पनी में इन्वेस्ट पर मोटे मुनाफे का झांसा देकर कम्पनी संचालक से ठगे 1.10 करोड़

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. ) ।** आईआईएफएल कम्पनी में निवेश करने पर मोटे मुनाफे का झांसा देकर एक व्यक्ति से 1.10 करोड़ रुपए ठगने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने इस सम्बंध में साइबर थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार जगदम्बा नगर अजमेर रोड निवासी अंकित विजय ने मामला दर्ज करवाया कि वह एक कैरियर काउंसलिंग कंपनी चलाता है। उसके पास एक वॉट्सअप कॉल आया। कॉल कर्ता ने उसे आईआईएफएल कम्पनी में निवेश करने पर मोटे मुनाफे का झांसा दिया और उससे दो माह में अलग-अलग नाम से 1.10 करोड़ रुपए डलवा लिए। आरोपियों ने उन्हें वाट्सअप ग्रुप पर टारगेट पूरा करने का झांसा देकर लगातार निवेश करवाया और मोटी रकम लेकर आरोपियों ने ग्रुप बंद करदिया। ठगी का पता चलने पर पीडित ने शुक्रवार को स्पेशल साइबर क्राइम थाने में मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बीसीएमओ ने आयुष्मान कार्ड एवं आभा आई.डी. की समीक्षा की



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(नि.स.)।** बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर ने शुक्रवार को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत आयुष्मान कार्ड एवं आभा आई.डी. की समीक्षा की। बीपीओ विजय तिवाड़ी ने बताया कि आयुष्मान कार्ड का वितरण लगभग 2500 हजार प्रतिदिन किये जा रहे है। साथ ही आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत लगभग 03 हजार आभा आई.डी. (आयुष्मान भारत हैल्थ अकाउण्ट) बनाई जा रही है। बीसीएमओ ने आमजन से आयुष्मान कार्ड आरोग्य मन्दिर-आरोग्य परम धनम से प्राप्त कर एक्टिव करवाने और आभा आई.डी. बनवाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बांटे जा रहे है। यह एक हैल्थ कार्ड है, जिससे 05 लाख तक का मुफ्त ईलाज उपलब्ध करवाया जाता है। आभा आई.डी. हैल्थ कार्ड है जो मेडिकल हिस्ट्री को ऑनलाईन डिजिटल के रूप में सेव करता है। उन्होंने सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व उप स्वास्थ्य केन्द्र स्टॉफ को संदेश दिया कि अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर उसका रख-रखाव करें। साथ ही मौसमी बीमारियों को देखते हुये नियमित रूप से एन्टीलार्वा सर्वे करने एवं आमजन को जागरूक करने के निर्देश भी दिये।

# ताजिया-मोहर्रम को लेकर पुलिस और प्रशासन अलर्ट

## लोगों से शांतिपूर्ण तजिया निकालने की अपील, कहा- सांप्रदायिक सौहार्द के साथ हो आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी/धौलपुर( राजू शर्मा )।** बाड़ी शहर में शुक्रवार को उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा के सानिध्य और कोतवाली एसएचओ शिवलहरी मीणा की अध्यक्षता में सीएलजी बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में आने वाले ताजिया मोहर्रम को लेकर विशेष फोकस किया गया। अधिकारियों ने हिंदू एवं मुस्लिम समाज के गणमान्य लोगों को सांप्रदायिक सौहार्द के बीच ताजिया मोहर्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान ताजिया मोहर्रम कमेटी के पदाधिकारियों को भी प्रशासन ने अवगत कराया कि जितनी भी चौकियां हैं, उनकी जानकारी प्रशासन को एक-दो दिन में दी जाए। हर चौकी पर पुलिस का जाप्ता लगाया जाएगा। चौकी से कर्बला मैदान तक ताजियों को ले जाने का रास्ता पूर्व में निर्धारित किया जाएगा ताकि मोहर्रम के दिन किसी प्रकार की कोई समस्या न हो। एसडीएम राधेश्याम मीणा ने बैठक में मौजूद हिंदू और मुस्लिम समाज के सभी पदाधिकारियों और शहर के गणमान्य नागरिकों से अपील की कि ताजिया मोहर्रम का आयोजन सांप्रदायिक सद्भाव के बीच किया जाए, जिसमें सभी लोग एक-दूसरे का सहयोग करें।

**बाड़ी में 19 चौकियों पर होगा ताजियों का आयोजन :** ताजिया मोहर्रम कमेटी के सेक्रेटरी इसरार खान टेलर ने बताया कि बाड़ी में ताजिया मोहर्रम के लिए 19 चौकियों पर ताजियों का आयोजन होगा।

शहर में 18 चौकियां अलग-अलग स्थानों पर हैं और एक चौकी गांव अहमदपुर में है। चौकियों की चिराग बत्ती के साथ साफ-सफाई की जा रही है। वहीं, मोहर्रम से एक दिन पूर्व प्रशासन द्वारा व्यवस्था की जाएगी। हर चौकी पर छाया-पानी की व्यवस्था की गई है। बैठक के दौरान मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष रशीद खां मास्टर, सुरेंद्र परमार विष्णु महेरे रिजवान अहमद, मुन्ने पठान, भैया जी, सुरेश सिमरिया व्यापार संघ के गोपाल गोयल, रोशनी शिवहरे, दुर्गा वाहिनी की संध्या शर्मा, विहिप के महेश भटेले सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# पेयजल किल्लत से ग्राम पंचायत पंडितपुरा मे आक्रोश



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. )।** ग्राम पंचायत पंडितपुरा में पानी की भयंकर किल्लत के कारण ग्रामीणों में आक्रोश है।ग्रामीण महिलाओं ने ज्ञापन के लिए पंचायत भवन पहुंची तो पंचायत कार्यालय पर ताला लगा हुआ देखकर आक्रोशित होकर ग्राम पंचायत कार्यालय के सामने ही महिलाएं धरने पर बैठ गई, ग्रामीणों ने बताया कि सरपंच मनोज कुमार वर्मा व अन्य जन प्रतिनिधियो के मौके पर नहीं पहुंचने पर आक्रोशित है। ग्रामीण महिलाओं ने कहा कि जब तक समस्या का समाधान नहीं होगा वो धरने से नहीं उठेगे। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत पंडितपुरा में पेयजल संकट पूरी तरह से गहराया हुआ है। पानी के लिए लोग त्राही त्राही कर रहे है।

पानी के लिए लोगो ने पंचायत समिति पावटा और पण्डितपुरा पंचायत पर आरोप लगाया की पंडितपुरा ग्राम विकास के क्षेत्र में लगातार पिछडता जा रहा है। इसे सरपंच की नाकामी माने या जलदाय विभाग की हठधर्मिता। समाचार लिखे जाने तक ग्रामीण धरने पर रहे।

## विश्व आयुर्वेद परिषद ने जारी किया संयोजनम् 2024 का पोस्टर

# कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर गोविंद सहाय शुक्ला ने किया पोस्टर का विमोचन



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. ) ।** संयोजनम् 2024 ( नेशनल आयुर्वेदा यूथ कॉन्क्लेव) कार्यक्रम राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर में 15 से 17 नवंबर 2024 को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर एवं डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्व विद्यालय जोधपुर एवं विश्व आयुर्वेद परिषद राजस्थान के सयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जाएगा। संयोजनम् 2024 कार्यक्रम के प्रथम पोस्टर का विमोचन आज राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर में किया गया, विश्व आयुर्वेद परिषद प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं चिकित्सक प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ पवन सिंह शेखावत ने बताया कि पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में प्रोफेसर संजीव शर्मा कुलपति राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानक विश्वविद्यालय जयपुर, प्रोफेसर गोविंद सहाय शुक्ला अध्यक्ष विश्व आयुर्वेद परिषद एवं कार्यक्रम आयोजन अध्यक्ष ,प्रोफेसर सीआर यादव डीन रिसर्च एवं कार्यक्रम आयोजन सचिव राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय जयपुर, प्रोफेसर अनुपम श्रीवास्तव राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर, प्रोफेसर एच एम एल मीणा राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर, प्रोफेसर निशा ओझा, डॉ सुमन शर्मा, डॉक्टर विपिन तंवर आयोजन सह सचिव, डॉक्टर शिप्रा राजोरिया इत्यादि उपस्थित रहें। विश्व आयुर्वेद परिषद राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष डॉ किशोरी लाल शर्मा ने बताया की संयोजनम् 2024 कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण उद्बोधनम, कर्माभ्यास, नूतनम , गतिविधि, पोषणम , अभिमंचनम , क्रीडनम इत्यादि कार्यक्रम रहेंगे। कार्यक्रम के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। कार्यक्रम में देशभर से एक हजार से अधिक आयुर्वेद चिकित्सक, आयुर्वेद विधार्थीगण एवं आयुर्वेद क्षेत्र से जुड़े गणमान्य लोग भाग लेंगे।

# खानपुर गांव में एक गरीब परिवार की बेटी की शादी में आमजन ने किया सहयोग

## गांव के युवाओ की टीम ने उठाया था बीड़ा, ललिता की शादी हुई धूमधाम से

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड के खानपुर मीणा गांव में युवाओं द्वारा चलाई गई मिशन कन्यादान मुहिम सफल साबित हुई। गांव के एक गरीब परिवार की बेटी की शादी के लिए जब परिवार पर पैसे नहीं थे और कर्ज लेने की नौबत आई तो युवाओं की टीम ने यह मुहिम चलाई। जिसका असर यह हुआ की मात्र सात दिन के अंदर 70 हजार की नगदी के साथ कन्यादान के लिए तमाम सामान एकत्रित हो गया। यहां तक की कई लोग तो गरीब की बेटी की शादी में खुद गोदान करने पहुंच गए। उपखंड के खानपुर मीणा गांव के युवाओं की टीम हर घर शिक्षा ने उक्त मिशन को सफल बनाया है। गांव के जाटव परिवार की लड़की ललिता जाटव के कन्यादान के लिए यह मिशन चलाया गया था। जिसमें लोगों ने दिल खोलकर सहयोग किया है। युवाओं की टीम के पदाधिकारी रोहित मीणा ने बताया कि गांव के जाटव बस्ती निवासी ललिता पुत्री भगवान दास जाटव की शादी होनी थी। ललिता के पिता की 14 साल पहले बीमारी से मृत्यु हो चुकी है। चार बहनों के साथ परिवार में एक छोटा भाई है। पिता की मृत्यु के बाद ललिता की मां ही मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण कर रही है। ऐसे में 11 जुलाई को ललिता की शादी होनी थी। जब खानपुर गांव के युवाओं की टीम को इसकी जानकारी हुई तो अन्य पदाधिकारीयो के साथ मिलकर सोशल मीडिया पर मिशन कन्यादान अभियान चलाया। जिसमें बाड़ी शहर के तमाम भामाशाह और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने सहयोग किया। शादी के इस आयोजन को कॉलेज छात्रसंघ की पूर्व अध्यक्ष काजल परमार, बीजेपी की महिला पदाधिकारी वंदना शिवहरे, व्याख्याता भगवान सिंह मीणा, डॉ मोहर सिंह मीणा, रनसिंह मीणा, हाकिम मीणा, रामकुमार चौधरी, उदयभान, हरकिशन, रामविलास, खेमसिंह एवं ग्रामीणों के साथ टीम हर घर शिक्षा ने सफल बनाया है।

## प्रागपुरा में 17 जुलाई को मनाया जाएगा यौम-ए-आशुरा

# हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में रखते है ताजिए : मोहम्मद हनीफ



बढ़ता राजस्थान

**पावटा (नि.स.)।** इस्लामिक कैलेंडर का नया साल शुरू होने के साथ ही प्रागपुरा कस्बा में मुहर्रम की तैयारीयां मुक्कल हो चुकी है। अब इस्लामिक कैलेंडर की 1446 वीं हिजरी चल रही है। चांद की तारिख से आगामी बुधवार 17 जुलाई को यौम-ऐ आशुरा मनाया जाएगा। इससे पूर्व कस्बा के जामा मस्जिद व लुहारों की कॉलोनी स्थित इमामबारा में मजलिसों का दौर शुरू हो गया है। ताजियादार मोहम्मद हनीफ खलीफा ने बताया कि इस्लामिक धर्म के नए साल की शुरुआत होने के बाद 10 तारीख को नवासा-ए-रसूल हजरत इमाम हुसैन अपने 72 साथियों और नातियों के साथ मजहब-ए-इस्लाम को बचाने, हक और इंसाफ को जिंदा रखने के लिए शहीद हो गए। जिसके लिए हर साल मोहर्रम पर पैगंबर-ए-इस्लाम के नवासे (नाती) हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में ताजिए रखते है। ताजियादार मोहम्मद हनीफ खलीफा का कहना है की मुस्लिम धर्म में ताजियों का बड़ा महत्व है, ये ताजिए करबला में हुई जंग की याद दिलाते है। ताजिया बनाने की जिम्मेवारी मेरी पीढ़ियों के सुपुर्द है।

पहले मेरे दादा नवासे महरुम भूरे खां, फिर पिता महरुम इमामुद्दीन ताजिया बनाते चले आ रहे थे और उनके महरुम होने के बाद यह जिम्मा मेरे कंधों पर है। प्रागपुरा में राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक स्थित मुस्लिम कॉलोनी व गोगा मन्दिर स्थित लुहारों का मौहल्ला समेत मुख्य बाजार में जुलूस निकालने की परंपरा सदियों से चली रही है। प्रशासन से अनुमति लेकर निर्धारित रूट के साथ जुलूस निकाला जाता है उसके बाद उसे करबला में सुपुर्द-ए खाक किया जाता है।

## एक शिक्षक एक वृक्ष कार्यक्रम का आयोजन

# अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की कार्यकारिणी का गठन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( नि.स. )।** कस्बे के राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविधालय में शुक्रवार को महाविधालय के सेवानिवृत प्रो. महावीर प्रसाद कुमावत के मुख्य आतिथ्य में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (उच्च शिक्षा) की स्थानीय ईकाई द्वारा एक शिक्षक एक वृक्ष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. महावीर प्रसाद कुमावत व प्राचार्य डॉ. आर. के. सिंह ने पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कुमावत ने अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की संरचना तथा कार्य प्रणाली के बारे में विस्तार से बताया एवं महासंघ से लम्बे समय तक काम करने के अनुभव साझा किये। इस मौके पर अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की स्थानीय ईकाई राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविधालय की कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। डॉ. पी.सी. जाट ने सभी



पदाधिकारियों के नाम की घोषणा की, जिसको सर्वसम्मति से पारित किया गया। अध्यक्ष पद पर प्राचार्य डॉ. आर. के. सिंह, सचिव पद पर अशोक सिंह, संयुक्त सचिव डॉ. बाबूलाल मीणा, कोषाध्यक्ष कपूर चन्द वर्मा का सर्वसम्मति से चयन हुआ।

# इनर व्हील क्लब अलवर इकाई की नवनिर्मित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह इंस्टालेशन ऑफिसर पुष्पा गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. ) ।** कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष अलका मित्तल द्वारा नवनिर्वाचित कमेटी की अध्यक्ष नीरू जैन को कॉलर और चार्टर प्रदान कर कार्यभार सौंपा। साथ ही मुख्य अतिथि पुष्पा गुप्ता ने नई अध्यक्ष को पिन पहनाई। वर्ष 2023 - 24 की सेक्रेटरी शारदा कटारिया ने वर्ष 2024-25 की सेक्रेटरी दया गर्ग को कार्यभार सौंपते हुए पिन पहनाई। मुख्य अतिथि द्वारा नवनिर्मित इकाई के सभी सदस्यों को पिन पहनाई गई।

# नाबालिग बच्ची के प्राइवेट पार्ट में डाला गर्म तेल : रेप करने की कोशिश की थी; दो दिन तक कमरे में दर्द से तड़पती रही

बढ़ता राजस्थान

**जैसलमेर ( नि.स. )।** मासूम15 साल की नाबालिग बच्ची से हैवानियत नहीं कर पाने पर युवक ने प्राइवेट पार्ट में गर्म तेल डाल दिया। आरोपी ने मासूम को कमरे में बंद कर दिया। दो दिन तक बच्ची दर्द से तड़पती रही। मां को बताया तो चुप रहने को बोल दिया। घर से भागकर नाबालिग पुलिस के पास पहुंची। मामला जैसलमेर का है। जानकारी के अनुसार महिला महाराष्ट्र यहां हरियाणा के युवक के साथ 8 साल से लिव इन रिलेशन में रह रही है। युवक के दो बेटे और महिला के दो बेटियां एवं एक बेटा है। महिला की छोटी बेटी ने मां के साथ लिव इन में रहने वाले युवक पर आरोप लगाए है। बच्ची ने बाल कल्याण समिति की काउंसलिंग में बताया कि 14 जून को मां के साथ लिव इन में रहने वाले मुंह बोले चाचा ने हैवानियत करने की कोशिश की। बच्ची ने विरोध किया तो पहले तो उसने मारपीट की और फिर उसके प्राइवेट पार्ट में गर्म तेल डाल दिया। उसने मां को बताया तो वह कुछ भी नहीं बोली और उसे चुप रहने को कहा। आरोप है कि युवक ने बच्ची को दो दिन तक कमरे में बंद रखा। शरीर में जब बदबू आने लगी तब मां अस्पताल लेकर गई, जहां इलाज करवाया। बच्ची ने बताया कि उसकी बड़ी बहन से भी उसका चाचा हैवानियत करता है।

**60 रुपए चोरी के आरोप में फिर पीटा :** बालिका ने आरोप लगाया कि दूसरी बार 30 जून को मां को पूछकर उसने मुंह बोले चाचा की जेब से 60 रुपए लिए। तब चाचा ने गलत काम के लिए मना करने का बदला लेते हुए फिर उसे पीटा। मारपीट होने पर बच्ची घर से भागी और रास्ते में ट्रैफिक पुलिसकर्मी को अपनी दास्तान बताई। ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने उसे कोतवाली थाने भिजवाया और मारपीट का मामला दर्ज किया। बच्ची ने घर जाने का मना किया तब पुलिस ने इसे सखी केंद्र भेजा। जहां से बच्ची को बाल कल्याण समिति के सुपुर्द किया गया।

**बाल कल्याण समिति को बताया हैवानियत की कोशिश की :** बाल कल्याण समिति अध्यक्ष मुकेश व्यास ने बताया कि बच्ची ने अनैतिक कार्य के लिए मना करने पर मारपीट कर प्राइवेट पार्ट में गर्म तेल डालने की शिकायत की। जिस पर पुलिस को लेटर भेजकर मामला दर्ज करने की बात लिखी गई है। अब महिला थाना बच्ची के बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है। महिला थानाधिकारी गीता विश्नोई ने बताया कि बालिका से पहले पूछताछ में उसने गर्म तेल से जलाने की शिकायत दी थी। जिसके बाद अब बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष ने पत्र भेजकर अनैतिक काम करने की बात कही है। बालिका के अब बयान दर्ज किए जाएंगे। जिसके बाद ही कार्रवाई की जाएगी। एक जुलाई को उसकी मां को पूछताछ के लिए बुलाया था।

# एलोवेरा और बेकिंग सोडा से लाएं स्किन पर निखार

सूर्य की हानिकारक किरणे और प्रदूषण की वजह से त्वचा पर कई तरह की समस्याएं होने लगती हैं। सूर्य की यूवी किरणों की वजह से त्वचा में टैनिंग और कालापन आने लगता है। इसके अलावा प्रदूषण, अच्छी डाइट न लेना, चिंता व तनाव के कारण भी स्किन पर झुर्रियां, डार्क स्पॉट और झाइयां होने लगती हैं। त्वचा की समस्या को दूर करने के लिए बाजार में कई ब्यूटी प्रोडक्ट मौजूद हैं। लेकिन इनमें मौजूद कैमिकल त्वचा को फायदा पहुंचाने की जगह नुकसान पहुंचाने लगते हैं। ऐसे में आप घरेलू उपायों की मदद से त्वचा की लगभग सभी समस्याओं को दूर कर सकते हैं। घरों में मौजूद होने वाला एलोवेरा और बेकिंग सोडे से आप त्वचा में निखार ला सकते हैं। एलोवेरा विटामिन, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं, जो त्वचा की गहराई से पोषण करते हैं। इसके साथ ही बेकिंग सोडे में एक्सफोलिएटिंग गुण होते हैं. जो त्वचा से डेड सेल्स को साफ कर निखार लाने में सहायक होता है। इस लेख में आपको एलोवेरा और बेकिंग सोडा से त्वचा में निखार लाने के तरीके को बताया गया है।



### एलोवेरा और बेकिंग सोडा के फायदे

- एलोवेरा और बेकिंग सोडा के इस्तेमाल से आप त्वचा को एक्सफोलिएट कर सकते हैं। इससे डेड सेल्स साफ होते हैं और चेहरे से दाग-धब्बे दूर होने लगते हैं।
- एलोवेरा में एलोइन पाया जाता है, ये त्वचा के रंग को लाइट करने में सहायक होता है। सोड़ा काले धब्बों को दूर करने में मददगार होता है। इससे त्वचा में चमक आती है।
- एलोवेरा का उपयोग नैचुरल मॉइस्चराइजर की तरह किया जाता है, जो त्वचा को हाइड्रेट रखता है। बेकिंग सोडा के साथ इस्तेमाल करने से त्वचा का रूखापन दूर होता है।
- एलोवेरा और बेकिंग सोडे में एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, जिससे मुंहासे व इंफेक्शन दूर होता है और त्वचा में निखार आता है।

## एलोवेरा-बेकिंग सोडा का इस्तेमाल कैसे करें

### एलोवेरा, बेकिंग सोडा और गुलाब जल

इसके उपयोग के लिए आप एक चम्मच एलोवेरा जेल लें। इसमें करीब एक चम्मच बेकिंग सोडा मिलाएं और इस पेस्ट में करीब एक चम्मच गुलाब जल मिलाएं। इस पैक को चेहरे पर करीब 15 से 20 मिनट तक लगाएं। जब पैक सूख जाए तो इसे नॉर्मल या गुनगुने पानी से साफ कर लें। कुछ ही दिनों में आपको फर्क दिखने लगेगा।

### एलोवेरा, बेकिंग सोडा और कार्न फ्लोर

इसे बनाने के लिए एक चम्मच बेकिंग सोडा, एक चम्मच एलोवेरा और एक चम्मच कार्न फ्लोर लें। इन सभी को एक बाउल में अच्छे से मिलाएं। इस पैक को चेहरे पर लगाएं। करीब 20 मिनट के बाद जब पेस्ट लगा सूख जाए तो इसे नॉर्मल पानी से धो लें।

### एलोवेरा, बेकिंग सोडा और टमाटर

इसके लिए आप एक चम्मच एलोवेरा जेल लें। इसमें एक चम्मच बेकिंग सोडा और करीब एक चम्मच टमाटर का पल्प मिला दें। इसके बाद इस पैक मिक्स करें। इस पेस्ट को चेहरे या त्वचा पर करीब 20 से 25 मिनट तक लगाएं। जब ये पैक सूख जाए तो इसे पानी से साफ कर लें। इसको आप सप्ताह में दो बार उपयोग कर सकते हैं।

# 40 की उम्र में रखें महिलाएं इन बातों का ख्याल

40 की उम्र महिलाओं के लिए काफी परेशानियों भरी होती है। यहीं वो उम्र होती है जब महिलाओं के लिए मेनोपॉज करीब होता है। मेनोपॉज का नतीजा ये होता है कि, महिलाओं को कई गंभीर बीमारियां भी लग जाती हैं। इसलिए जरूरी है कि, महिलाएं 40 की होते-होते अपने शरीर का ख्याल जरूर रखें। उम्र के हिसाब से जो भी टेस्ट जरूरी हैं उन्हें डॉक्टर से पूछकर समय-समय पर कराती रह। ताकी कोई भी परेशानी आगे चलकर बड़ी बीमारी न बन जाए।



### गठिया

आपने ज्यादातर देखा होगा कि, कई महिलाएं बढ़ती उम्र के साथ गठिया यानी आर्थराइटिस की शिकायत करती हैं। इस बीमारी में जोड़ों में दर्द या जकड़न महसूस होती है। अगर आपने इस समस्या का सही समय पर इलाल नहीं करवाया तो ये गंभीर बीमारी का रूप भी ले सकता है।

### डायबिटीज

इन दिनं डायबिटीज की परेशआनी हर किसी में देखने को मिलती है। लेकिन ये समस्या 40 साल के बाद ज्यादा बढ़ जाती है। अगर आपको डायबिटीज का पता लगाना है तो अपनी सेहत में हो रहे इन बदलावो को देखें, थकान, अत्यधिक प्यास, बढ़ा हुआ पेशाब, धुंधली दृष्टि, वजन कम होना, कोमल मसूड़े महिलाओं में मधुमेह के कुछ लक्षण हैं।

### ऑस्टियोपोरोसिस

40 साल के होते होते शरीर कई बदलावो को झेलता है। इस चक्कर में आपकी हड्डियां कजोर होने लगती हैं। महिलाओं को हमेशा अपने कैल्शियम सेवन और विटामिन डी के स्तर का ध्यान रखने की सलाह दी जाती है ताकि हड्डियों के स्वास्थ्य को नुकसान न पहुंचे।

### यूरिन इन्फेक्शन

बढ़ती उम्र में आपकी कई नसे कमजोर हो जाती हैं। उनमें से एक है यूरिन करने में मदद करने वाली नसें। उम्र बढ़ने के साथ-साथ मांसपेशियां मोटी होने लगती हैं। इस वजह से वो अपना लोच खो देती हैं, जिसके चलते व्यक्ति का अपने यूरिन पर नियंत्रण नहीं रहता। इसलिए समय-समय पर डॉक्टर से सलाह लेकर अपने शरीर का ख्याल रखें। चालीस पार होते ही महिलाओं को अपने शरीर का और भी ज्यादा ख्याल रखने की जरूरत है। उन्हें कई टेस्ट नियमित रूप से करवाने चाहिए। अधिकतर ब्रेस्ट कैंसर ज्यादा उम्र की महिलाओं में होता हैं, इसके लिए आप ब्रेस्ट टेस्ट कराएं।

# गर्मियों में गन्ने का जूस पीने से मिलेंगे ये फायदे

गर्मियां आते ही हम तरह-तरह के ठंडे पेय पदार्थ पीने लगते हैं। इस मौसम में ठंडे पदार्थों का सेवन हमें राहत देता है। ऐसे में कई लोग तेज धूप में कुछ ऐसे ठंडे पदार्थों का सेवन कर लेते हैं, जो शरीर को राहत देने के बजाए बीमार कर देते हैं। जिससे उन्हें मुसीबत का सामना करना पड़ता है। लेकिन गर्मियों के मौसम में गन्ने का जूस एकमात्र ऐसा ड्रिंक है, जिसे कभी भी पीएं, कितना भी पीएं आपको कोई नुकसान नहीं होगा। गन्ने के जूस में पाए जाने वाले गुण गर्मी से छुटकारा तो दिलाते ही हैं, साथ ही आपको सेहतमंद भी रखते हैं।



### थकान करेगा दूर

अगर आप सफर करके आ रहे हैं या लंबी दूरी तय करके आएं हैं। तो गन्ने का सेवन करना लाभदायक होगा। गर्मी, धूप और उमस से यह जूस आपको रिलेक्स करेगा। गर्मियों के सीजन में हर किसी को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मौसम की मार पड़ने से शरीर में पानी की कमी भी होने लगती है। ऐसे में डिहाइड्रेशन की समस्या हो जाती है। इसलिए गन्ने का जूस इस स्थिति में बेहतर साबित होता है। यह सुस्ती और थकान को भी दूर करता है।

### लिवर को बनाएगा हेल्दी

दिनभर की गतिविधि और बिगड़ी दिनचर्या के चलते हम समय बचाने के लिए कई ऐसे पदार्थों का सेवन कर लेते हैं, जिससे हमारा लिवर भी खराब होने लगता है। ऐसे में गन्ने का जूस पीना फायदेमंद साबित होगा। अगर घरेलू तरीकों से पीलिया या जॉन्डिस का इलाज करना हो तब भी गन्ने का जूस लाभकारी माना जाता है। यह शरीर में बिलीरुबिन नामक पिगमेंट्स का लेवल संतुलित करता है, जो कि पीलिया की वजह बन सकता है। इसलिए लिवर के लिए भी इसे लाभकारी माना जाता है।

### मिलेगी इंस्टेंट एनर्जी

गन्ने का जूस इस्टेंट एनर्जी देता है। यह एक प्रकार का एनर्जी ड्रिंक है। इसे पीने के बाद आप तरोताजा महसूस करने लगेंगे। इसलिए आज ही इसे अपनी डाइट में शामिल कर लें। इससे कमजोरी भी दूर होती है और रेड ब्लड सेल्स को होने वाले नुकसान को भी कम करेगा।

### पाचन करेगा सही

गन्ने का जूस पाचन तंत्र को ठीक करता है। इसलिए खाने के बाद भी अगगर इसका सेवन किया जाए तो फायदेमंद माना जाता है। कई बार हम अधिक खाना खा लेते हैं और पचाने में दिक्कत आती है, ऐसे में एक गिलास गन्ने का जूस पी लेने से पाचन सही हो जाता है।

### पेशाब की जलन करेगा कम

गन्ने का जूस पेशाब में होने वाली जलन को प्राकृतिक तरीके से दूर करता है। यूरीनरी ट्रैक्ट से जुड़ी समस्याओं के कारण लोगों को पेशाब में दर्द और जलन महसूस हो सकती है। इसके लिए भी गन्ने का जूस कारगर माना जाता है।



# सोते समय बार-बार खुल जाती है नींद? इस तरह बढ़ाएं अपना ऑक्सीजन लेवल और पाएं सुकून भरी नींद

सांस लेते समय ऑक्सीजन हमारे फेफड़ों से होते हुए कोशिकाओं तक पहुंचती है। इसके बाद रक्त प्रवाह से हुए ये कोशिकाएं शरीर के सभी अंगों तक ऑक्सीजन पहुंचाते हैं। इससे शरीर का संचालन होता है। अगर शरीर में ऑक्सीजन का लेवल कम हो तो शरीर में थकान व कमजोरी आने लगती है। इसके साथ ही व्यक्ति को इससे जुड़ी हुई कई अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। अक्सर सोते में आपके सांस लेने का पैर्टन बदल जाता है, इस वजह से ब्लड में पहुंचने वाली ऑक्सीजन का लेवल भी बदलने लगता है। ब्लड में ऑक्सीजन कम होने के कई कारण हो सकते हैं।



**सोते समय सांस लेने की प्रक्रिया कैसे होती है :** सोते समय मनुष्य का शरीर चार चरणों से गुजरता है, जिसे रैपिड आई मूवमेंट और नॉन आरईएम में बांटा जाता है। शरीर प्रत्येक चरण में सांस लेने के पैटर्न में बदलाव हो सकता है। सोने के बाद पहले तीन चरणों को नॉन आरईएम की श्रेणी में रखा जाता है। इसमें सांस लेने की प्रक्रिया में करीब 15 प्रतिशत की कमी आ सकती है। जबकि आरईएम चरण में सांस गहरी और ज्यादा अनियमित हो जाती है। सांस लेने के पैर्टन में बदलाव होना एक आम बात है। लेकिन कुछ मामलों में सांस लेने और छोड़ने में क्रम में बदलाव की वजह से ऑक्सीजन का लेवल तेजी से कम हो सकता है। ऑक्सीजन का लेवल ज्यादा होने पर शरीर के अंग काम करना बंद कर सकते हैं। इस स्थिति को हाइपोक्सिमिया कहा जाता है।

**हाइपोक्सिमिया क्या है :** जब आपके शरीर में ऑक्सीजन का लेवल का सामान्य स्तर से अधिक कम हो जाता है तो इसे हाइपोक्सिमिया कहा जाता है। शरीर के रक्त में ऑक्सीजन का सामान्य स्तर 90 से 100 प्रतिशत तक रहता है। लेकिन 90 प्रतिशत से कम होने पर हाइपोक्सिमिया होता है। ऐसे में कोशिकाओं को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिल पाती है। इस वजह से मस्तिष्क के कार्य को नुकसान होता है। साथ ही हार्ट संबंधी समस्या होने की संभावना बढ़ जाती है।

**करवट लेकर सोएं :** सोते समय पीठ के बल लेटने से आपके फेफड़ों में दबाव पड़ता है, जिससे सांस लेने में तकलीफ होती है। इस वजह से आपको करवट लेकर सोना चाहिए। इससे आपके नाक बंद नहीं होती है और आप सोते समय भरपूर ऑक्सीजन लेते हैं।

**नाक को साफ करके सोएं :** नाक में म्यूकस होने की वजह से सांस लेने में परेशानी हो सकती है। जिसकी वजह से शरीर का ऑक्सीजन लेवल कम हो सकता है। यदि आपको सर्दी की समस्या है तो ऐसे में नाक के म्यूकस को साफ करके ही सोने जाएं। इसके लिए आप भाप ले सकते हैं। इससे फेफड़े खुलते हैं।

**इंडोर प्लांट घर में लाएं :** कई प्लांट ऐसे होते हैं जो घर के अंदर ऑक्सीजन के स्तर को बढ़ाने का काम करते हैं। इससे आपको सोते समय पर्याप्त ऑक्सीजन मिलती है और ऑक्सीजन का लेवल सही बना रहता है।

**खिड़की खोल कर सोएं :** सोते समय यदि आपको सांस लेने में परेशानी हो तो ऐसे में फ्रेश हवा कमरे में आने के लिए खिड़कियां खोलें। इसके साथ ही थोड़े समय के लिए टहल भी सकते हैं। इससे शरीर का ऑक्सीजन लेवल बेहतर होता है।

**धूम्रपान को छोड़ें :** धूम्रपान न करने से शरीर में ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है। इसके साथ ही फेफड़े पहले की अपेक्षा अधिक ऑक्सीजन को कोशिकाओं तक पहुंचाते हैं। जिससे आपके शरीर में ऑक्सीजन का सही लेवल बना रहता है।


**डाइट में करें बदलाव :** डाइट का प्रभाव आपके शरीर की ऑक्सीजन लेवल पर पड़ता है। यदि आप डाइट में हरी सब्जियों, दाल, डॉर्क चॉकलेट जैसे आयरन युक्त चीजों को शामिल करते हैं तो इससे ब्लड में लाल रक्त कोशिकाओं तेजी से बढ़ने लगती है। इसके साथ ही अंडे व मछली के सेवन से विटामिन डी मिलता है।

# आंखों को हेल्दी रखने के लिए केवल चेकअप ही नहीं जरूरी है इन आदतों को भी अपनाना

हम में से कई लोग आंखों को हेल्दी रखने का मतलब समय-समय पर आई टेस्ट करवाना समझते हैं। अगर आंखों का नंबर सही आया तो समझ लों कि आंखें ठीक हैं। लेकिन क्या केवल आई टेस्ट से आंखें हेल्दी रह सकती हैं। बिल्कुल नहीं आंखों के समय-समय पर टेस्ट के साथ-साथ जरूरी है अच्छा खान-पान और स्क्रीन टाईम मेनटेन करना। अगर आप चश्मा लगाते हैं तो आपको आपने चश्में और कॉन्टैक्ट लेंस का ठोड़ा ज्यादा ध्यान रखना होगा।

**त्वचा की तरह आंखों को भी बचाएं धूप से :** ये तो हमने अक्सर सुना है कि, सूरज की अल्ट्रावायोलेट रेज हमारी स्किन को हार्म करती हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ये अल्ट्रावायोलेट रेज हमारी आंखों को भी नुक्सान पहुंचा सकती हैं। इसलिए जब भी आप धूप में निकलें तो सनग्लासेस पहनना न भूलें।

**हेल्दी डायट है जरूरी :** त्वचा को खूबसूरत बनाने के लिए हम क्या कुछ नहीं करते हैं। उसी तरह अपनी आंखों को भी हेल्दी डाइट देना बहुत जरूरी है। आंखों को दुरुस्त रखने के लिए अपनी डाइट में ओमेगा -3 फैटी एसिड, जिंक, विटामिन सी और ई रिच फूड्स को शामिल करें।



### स्क्रीन टाइम करें सेट


आज कल लोग स्क्रीन पर समय बहुत बिताने लगे हैं। इससे न केवल आपकी आंखों पर बल्कि आपकी सेहत पर भी असर पड़ सकता है। जैसे कि, गले में खराश, खुजली, या थकी हुई आंखें, सिरदर्द और थोड़ी देर के लिए धुंधला दिखाई देना शामिल है। जो लोग स्क्रीन का काम बहुत करते हैं वो 20-20-20 का रूल फॉलो करें। यनी की हर 20 मिनट में, अपनी दृष्टि को 20 सेकंड के लिए, अपने सामने 20 फीट की दुरी तक ले जाएं।

### कान्टैक्ट लैंस का रखे ख्याल

अगर आप उन लोगों में से हैं जो कान्टैक्ट लैंस पहनते हैं तो आपको और भी सावधानी से काम करना होगा। हमेशा ध्यान रखें कि, कान्टैक्ट लैंस लगाने या हटाने से पहले अपने हाथों को अच्छे से साफ कर लें। याद रखें कभी भी कान्टैक्ट लैंस पहन कर ना सोएं।

# इंफ्लुएंजा होने पर क्या खाएं और क्या नहीं?

भारत में एच3एन2 इन्फ्लूएंजा वायरस के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। आपको बता दें कि इंफ्लुएंजा नाक, गले और फेफड़ों का संक्रमण है, जो श्वसन तंत्र का हिस्सा हैं। इंफ्लुएंजा को आमतौर पर फ्लू कहा जाता है। वैसे तो फ्लू वाले लोग ठीक हो सकते हैं। लेकिन कई मामलों में इंफ्लुएंजा या फ्लू जोखिम भरा हो सकता है। इतना ही नहीं इंफ्लुएंजा जानलेवा भी हो सकता है। इसलिए इसका समय पर इलाज करवाना बहुत जरूरी होता है। इंफ्लुएंजा का इलाज के साथ ही डाइट पर भी खास ध्यान देना होता है। क्योंकि हेल्दी डाइट लेने से इम्यूनिटी को बढ़ाया जा सकता है। वहीं, अनहेल्दी फूड्स रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर कर सकते हैं।



### पत्तेदार साग खाएं

इंफ्लुएंजा होने पर आपको अपनी डाइट में पत्तेदार सब्जी को शामिल करना चाहिए। इसके लिए आप पालक, केल जैसे साग को शामिल कर सकते हैं। इनमें विटामिन ए, सी और ई जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। ये सभी पोषक तत्व आपकी इम्यूनिटी को बूस्ट करते हैं। साथ ही, इंफ्लुएंजा से लड़ने में भी आपकी मदद कर सकते हैं।

### सूप पिएं

सूप पीने से शरीर की इम्यूनिटी बूस्ट होती है। इंफ्लुएंजा होने पर आपको सूप का सेवन जरूर करना चाहिए। अगर आप नॉनवेज खाते हैं, तो चिकन सूप पीना फायदेमंद हो सकता है। सूप पोषक तत्वों से भरपूर होता है। सूप पीने से आपको एनर्जी मिलेगी। साथ ही, आप स्वस्थ और हेल्दी भी महसूस करेंगे। सूप को हेल्दी बनाने के लिए आप इसमें अजवाइन, लहसुन या अदरक आदि भी डाल सकते हैं।

### लिक्विड डाइट लें

इंफ्लुएंजा में आपका शरीर डिहाइड्रेट हो सकता है। इसलिए आपको लिक्विड डाइट पर भी ध्यान देना चाहिए। इसके लिए आप पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। ग्रीन टी, नींबू पानी और हर्बल टी का सेवन कर सकते हैं।

### विटामिन सी का सेवन करें

इंफ्लुएंजा होने पर शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने लगती है। ऐसे में आपको विटामिन सी युक्त फलों और सब्जियों को अपनी डाइट में शामिल करनी चाहिए। इसके लिए आप खट्टे फलों जैसे कि संतरे और अंगूर का सेवन कर सकते हैं। इसके अलावा, ब्रोकली, स्प्राउट्स और टमाटर में भी विटामिन सी होता है। विटामिन सी इम्यूनिटी को बढ़ाता है। साथ ही, बीमारी से लड़ने में भी शरीर की मदद करता है।

### ओमेगा-3 फैटी एसिड लें

अगर आप इंफ्लुएंजा होने पर ओमेगा-3 फैटी एसिड का इनटेक बढ़ाएंगे, तो बीमारी को हराने में जल्दी मदद मिल सकती है। आपको बता दें कि मछली, अलसी के बीज और अखरोट में ओमेगा-3 फैटी एसिड की मात्रा काफी अधिक होती है। इसलिए आप चाहें तो इन फूड्स को भी अपनी डाइट में शामिल करके इम्यूनिटी बढ़ा सकते हैं।

### इंफ्लुएंजा होने पर क्या न खाएं?

- अगर आपको इंफ्लुएंजा है, तो आपको एल्कोहल और धूम्रपान का सेवन करने से बचना चाहिए। एल्कोहल आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर कर सकता है। साथ ही, इसकी वजह से आपकी बॉडी हिडाइड्रेट भी हो सकती है।
- इंफ्लुएंजा होने पर आपको फैट वाले खाद्य पदार्थों का सेवन करने से भी परहेज करना चाहिए। इंफ्लुएंजा होने पर आपको पिज्जा, बर्गर जैसे फास्ट फूड और जंक फूड का परेहज करना चाहिए।
- इंफ्लुएंजा होने पर आपको शुगर लोडेड चीजें भी नहीं खानी चाहिए। इससे आप डिहाइड्रेट हो सकते हैं और आपकी इम्यूनिटी कमजोर हो सकती है।
- इंफ्लुएंजा होने पर आपको ठंडी, कोल्ड ड्रिंक्स जैसे खाद्य पदार्थों का सेवन करने से भी बचना चाहिए। इससे आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने लगेगी।



### इनफ्लूएंजा कैसे फैलता है?

फ्लू एक अत्यधिक संक्रामक बीमारी है। यह बीमारी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने पर या उसके छींकने या खाँसने पर फैलती है। सांस के माध्यम से या चुम्बन के द्वारा ये वायरस हमारे शरीर में जा सकते हैं। चांदी के बर्तन, दरवाज़े, हैंडल, टीवी रिमोट्स, कंप्यूटर कीबोर्ड और टेलीफोन जैसे सामानों को छूने से हम इस वायरस के संक्रमण में आ सकते हैं। ये वायरस हमारे शरीर में तब प्रवेश करते हैं, जब हम अपने हाथों से नाक, आँख और मुँह को स्पर्श करते हैं।

### फ्लू के फैलने के कारण

- वायरस लंबे समय तक जीवित रहते हैं, क्योंकि बाहर की तुलना में अंदर की हवा में कम नमी होती है।
- जब ये जीवित रूप में हवा में होते हैं तो उस दौरान सांस के माध्यम से हमारे शरीर में आसानी से चले जाते हैं। साथ ही आँख, नाक या मुँह के संपर्क में आसानी से आ जाते हैं।
- मौसम में हम अधिकतर समय घर के अंदर ही बिताते हैं और एक दूसरे के संपर्क में ज़्यादा रहते हैं। ये स्थिति वायरस के आसानी से फैलने में सहायक होती है

### कितना समय लगता है संक्रमण में

लक्षण दिखने के सात दिन बाद आप किसी को भी फ्लू से संक्रमित कर सकते हैं। ये वायरस आपके बलगम और थूक में आपके बीमार महसूस करने के 24 घंटे पहले से उपस्थित हो सकते हैं। इसका मतलब यह है कि आप लक्षण दिखने से एक दिन पहले से ही किसी और व्यक्ति को संक्रमित कर सकते हैं। छोटे बच्चे बीमार होने के दूसरे सप्ताह में फ्लू को संक्रमित कर सकते हैं।

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# जम्मू-कश्मीर के पुंछ में खाई में गिरा यात्रियों से भरा वाहन, बच्ची समेत दो की मौत; 6 गंभीर रूप से घायल

बढ़ता राजस्थान

**राजौरी।** शुक्रवार शाम को पुंछ जिले के पनार क्षेत्र में बोलेरो कार के खाई में गिरने से महिला व बच्चे की मौत हो गई, जबकि छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। इस सम्बंध में सुरनकोट पुलिस ने मामला दर्ज करके आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। जबकि सभी घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज राजौरी रेफर कर दिया गया है।

### कार में सवार थे ये लोग

जानकारी के अनुसार बोलेरो कार में राजौरी के दरहाल सोकड के रहने वाले रबनवाज पुत्र गुलाम हुसैन उम्र 33 वर्ष, जीनत नवाज पुत्री रबनवाज उम्र करीब पांच वर्ष, मुहम्मद आजम पुत्र मुहम्मद हुसैन उम्र 38 वर्ष, उजला बेगम पत्नी मुहम्मद आजम उम्र करीब 34 वर्ष, इरेसा पुत्री मुहम्मद आजम उम्र पांच वर्ष, अनीसा पुत्री मुहम्मद आजम उम्र करीब आठ वर्ष, अलेजा पुत्री मुहम्मद आजम उम्र करीब छह वर्ष व अनीस पुत्र मुहम्मद आजम मौजूद थे। सभी दरहाल सोकड़ा राजौरी के रहने वाले हैं। सभी एक ही परिवार के सदस्य हैं।

# सीपी बोले-किरोड़ी को कोई नाराजगी नहीं, पार्टी के संपर्क में

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद अब किरोड़ीलाल मीणा ने सदन से भी गैर हाजिर रहने की अनुमति मांगी है। किरोड़ी लाल मीणा के इस कदम को लेकर जब बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि किरोड़ीलाल मीणा को कोई नाराजगी नही है। वो पार्टी के संपर्क में है। हमारी लगातार बातचीत हो रही है। वो हमारे सीनियर लीडर हैं। सालों से इस पार्टी में हैं। लंबे समय तक उन्होंने पार्टी के लिए काम किया है। उन्हें किसी तरह की नाराजगी नहीं है। दरअसल, किरोड़ीलाल मीणा ने 4 जुलाई को मंत्री पद से इस्तीफा देने का खुलासा किया था। बजट के दौरान भी उनके गैर हाजिर रहने पर विपक्ष ने सवाल खड़े किए थे। वहीं, आज किरोड़ी ने पूरे विधानसभा सत्र से गैर हाजिर रहने की अनुमति मांगकर एक बार फिर अपनी नाराजगी जाहिर कर दी है। सीपी जोशी ने कहा कि कांग्रेस ने लोकसभा में दलित समुदाय को गुमराह किया था। उनमें भ्रम पैदा करने का काम किया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहब के समय से कभी दलित समाज को आगे नहीं आने दिया। मैं बजट के दौरान हाउस में गया था। वहां मैने देखा कि कैसे कांग्रेस चीफ दलित नेता प्रतिपक्ष को दबाने का काम करते हैं। इनका बाबा साहब के समय से जो रवैया था। वो आज तक नहीं बदला। सदन में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली हैं। लेकिन कांग्रेस चीफ उन्हें ही दबाने का काम कर रहे हैं।

# आरयू में प्रदर्शन कर रहे छात्रों को पुलिस ने घसीटा

## फिर जबरदस्ती उठाकर ले गई, छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग कर रहे थे



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** छात्र संघ चुनाव की मांग को लेकर शुक्रवार को राजस्थान यूनिवर्सिटी में पैदल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे छात्रों को रोकने के लिए मुख्य दरवाजा बंद कर दिया। वहीं, प्रदर्शनकारी छात्र मुख्य दरवाजे पर चढ़कर जेएलएन मार्ग पर जाने की कोशिश करने लगे। जिन्हें पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर खदेड़ा। 4 प्रदर्शनकारी छात्रों को हिरासत में ले लिया है। शुक्रवार सुबह 11:30 बजे राजस्थान यूनिवर्सिटी में छात्र नेता शुभम रेवाड़ के नेतृत्व में बड़ी संख्या में छात्र इकट्ठा हुए। करीब 12 बजे छात्र रैली निकालकर राजस्थान यूनिवर्सिटी के मुख्य द्वार पर पहुंचे। यहां कुछ देर बैठकर छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया। 12:30 बजे छात्र यूनिवर्सिटी का गेट लांघने की कोशिश करने लगे। जो विधानसभा की तरफ जाना चाहते थे। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर सभी को रोका। प्रदर्शन कर रहे छात्रों को पुलिस जबरदस्ती उठाने लगी। साथियों के रोकने पर पुलिस के जवानों ने दो छात्रों को पहले घसीटा। फिर एक को अलग कर दूसरे को उठा ले गई। शुभम समेत चार छात्रों को हिरासत में ले लिया। दरअसल, राजस्थान में फिर से छात्र संघ चुनाव बहाल करने की मांग को लेकर प्रदेशभर में विरोध बढ़ता जा रहा है। विधानसभा से लेकर सड़क तक, छात्र नेता से लेकर विधायक और सांसद तक राजस्थान में एक बार फिर छात्र संघ चुनाव बहाल करने की मांग कर रहे हैं। राजस्थान यूनिवर्सिटी समेत प्रदेश की विभिन्न यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र संघ पदाधिकारियों ने भी इसको लेकर सरकार को पत्र लिखे हैं।

**अंतिम बार 2022 में हुए थे छात्रसंघ चुनाव**–राजस्थान में साल 2005 छात्रसंघ चुनाव के दौरान काफी हंगामा और हुड़दंग हुआ था। इसके बाद हाईकोर्ट में पीआईएल दायर की गई थी। साल 2006 में कोर्ट ने छात्रसंघ चुनाव पर रोक लगा दी थी। इसके बाद साल 2010 में एक बार फिर छात्रसंघ चुनाव की शुरुआत हुई थी।

# मानसून ट्रफ लाइन उत्तर की ओर सरकी, बारिश कम होगी

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर।** मानसून ट्रफ लाइन शुक्रवार को सामान्य स्थिति से उत्तर दिशा में शिफ्ट हो गई, जिससे अगले पांच दिन तक राजस्थान में बारिश की गतिविधियों में कमी आएगी। विशेषकर जोधपुर सहित समूचे मारवाड़ में बारिश के आसार कम है। वर्तमान की मानसून ट्रफ लाइन अमृतसर, चंडीगढ़ से होकर बंगाल की खाड़ी तक गुजर रही है। मौसम विभाग के अनुसार मानसून ट्रफ लाइन 16 जुलाई को अपनी सामान्य स्थिति यानी राजस्थान के ऊपर आएगी, जब फिर से बारिश का नया स्पैल शुरू होने की उम्मीद है।

### उमस भरा मौसम

सूर्यनगरी शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 28.2 डिग्री रहा जो सामान्य से करीब एक डिग्री अधिक था। सुबह हवा में 71 फीसदी नमी होने के कारण उमस भरा मौसम था। हालांकि सुबह से ही 20 से 25 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हवाओं के कारण उमस से कुछ राहत जरूर मिली, लेकिन दोपहर होते होते पारा 39.3 डिग्री पर आ गया। उस समय भी नमी का स्तर 48 प्रतिशत था। इसके कारण भयंकर उमस हो गई।



**असहनीय गर्मी** | तापमान अधिक और नमी भी अधिक होने से असहनीय गर्मी रही। कूलर और पंखे दोनों ही फेल हो गए। बादलों की आवाजाही के साथ धूप भी निकल रही थी जो चुभ रही थी। इस समय केवल एयर कंडीशन में राहत थी। शाम ढलने के बाद भयंकर उमस से कुछ निजात मिलने लगी लेकिन हवा की गति होने से फिर वैस ही मौसम हो गया। जोधपुर में अब तक केवल दो बार थोड़ी से बारिश हुई है।

# नेपाल में लैंडस्लाइड से 2 बसें नदी में गिरीं

## 50 से ज्यादा पैसेंजर लापता, ड्राइवर सहित 7 भारतीयों की मौत; 2 ने कूदकर जान बचाई

बढ़ता राजस्थान

**काठमांडू।** नेपाल में भारी बारिश के बीच शुक्रवार सुबह एक हाईवे पर लैंडस्लाइड के चलते 2 बसें त्रिशुली नदी में गिर गईं। घटनास्थल पर मौजूद अधिकारियों के मुताबिक, दोनों बसों में चालकों समेत 63 लोग सवार थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हादसे में 7 भारतीयों और एक बस चालक की मौत हुई। 50 से ज्यादा लोग लापता हैं। नेपाली मीडिया हाउस काठमांडू पोस्ट के मुताबिक एक बस के ड्राइवर की मौत की पुष्टि हो गई है, जबकि 2 लोगों ने बस से कूद कर जान बचाई। हादसा सेंट्रल नेपाल में मदन-अश्रित हाइवे पर सुबह करीब 3 बजकर 30 मिनट पर हुआ। लगातार बारिश और पानी के तेज बहाव के चलते सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन में दिक्कत आ रही है।

**नेपाल पीएम ने हादसे पर दुख जताया**–चितवन के मुख्य जिला अधिकारी इंद्रदेव यादव ने फोन पर बताया कि



लैंडस्लाइड के चलते नदी में गिरने वाली एक बस काठमांडू जा रही थी। इसमें 24 लोग सवार थे। दूसरी बस में 41 लोग सफर कर रहे थे। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल ने हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, नारायणगढ़-मुग्लिन रोड स्टेशन पर लैंडस्लाइड से बस बह जाने से लगभग पांच दर्जन यात्रियों के लापता होने की रिपोर्ट से मुझे काफी दुख हुआ है। मैं सरकार की सभी एजेंसियों को यात्रियों की खोज करने और उन्हें सही सलामत बचाने का निर्देश देता हूं।

# हाथरस हादसे पर सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इनकार

## कहा- हाईकोर्ट जाएं, याचिका में जांच कमेटी की मांग की गई थी

बढ़ता राजस्थान

**लखनऊ।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को हाथरस भगदड़ मामले पर दाखिल की गई याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि घटना परेशान करने वाली है, लेकिन ऐसे मामलों में हाइकोर्ट ही पर्याप्त है। कोर्ट ने याचिका लगाने वाले को हाईकोर्ट जाने को कहा।

इस जनहित याचिका में हादसे की जांच की मांग की गई थी। 2 जुलाई को दाखिल याचिका में कहा गया था- जांच के लिए पांच एक्सपर्ट की टीम गठित की जाए। सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की निगरानी में जांच हो। याचिका सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला एवं जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच में सुनवाई के लिए आई। अधिवक्ता विशाल तिवारी ने दायर याचिका में घटना पर उत्तर प्रदेश सरकार को स्थिति रिपोर्ट दाखिल



करने एवं लापरवाह अधिकारियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई शुरू करने की मांग भी की थी। इसमें सुप्रीम कोर्ट से राज्यों को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वे किसी भी धार्मिक या अन्य आयोजन के आयोजन में जनता की सुरक्षा के लिए भगदड़ या अन्य घटनाओं को रोकने के लिए दिशा-निर्देश जारी करें।

**123 लोगों की मौत हुई, बाबा को क्लीन चिट**–2 जुलाई को हाथरस के सिकंदराराऊ के फुलरई मुगलगढ़ी गांव में हुई भगदड़ में 123 लोगों की मौत हुई। इनमें 113 महिलाएं और 7 बच्चियां हैं। इस केस की तीन लेवल पर जांच हो रही है।

# अगर हम वही करते रहेंगे जो कांग्रेस करती थी तो हमारे सत्ता में आने का कोई मतलब नहीं : नितिन गडकरी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अलग सोच वाली पार्टी है और इसलिए वह बार-बार जनता का विश्वास जीत रही है। साथ ही उन्होंने पार्टी को अतीत में कांग्रेस द्वारा की गई उन गलतियों को दोहराने से बचने को लेकर आगाह किया जिनकी वजह से उसे (कांग्रेस को) सत्ता से बाहर होना पड़ा। लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बहुमत प्राप्त नहीं कर पाने के करीब एक महीने बाद गडकरी ने कहा, अगर हम वही करते रहेंगे जो कांग्रेस करती थी, तो उनके (सत्ता से) जाने और हमारे आने का कोई मतलब नहीं है।

साथ ही गडकरी ने जाति आधारित राजनीति के चलन की आलोचना की और कहा जो करेगा जात की बात उसे पड़ेगी कसके लात। गडकरी पणजी के निकट भाजपा की गोवा कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष सदानंद तनावडे और मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत सहित अन्य नेता शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री ने अपने 40 मिनट के भाषण में अपने गुरु और पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी की उस टिप्पणी कि भाजपा एक अलग सोच वाली पार्टी है का उल्लेख किया। भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा, आडवाणी जी कहा करते थे कि हम एक अलग सोच वाली पार्टी हैं। हमें यह समझना होगा कि हम अन्य पार्टियों से



कितने भिन्न हैं। नागपुर से लोकसभा सदस्य ने कहा कि कांग्रेस की गलतियों के कारण जनता ने भाजपा को चुना। साथ ही उन्होंने अपनी पार्टी को वही गलतियां करने से बचने को लेकर आगाह किया।

गडकरी ने कहा, अगर हम वही गलतियां करते हैं तो उनके जाने और हमारे आने का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा, इसलिए, आने वाले दिनों में पार्टी कार्यकर्ताओं को यह पता होना चाहिए कि राजनीति सामाजिक और आर्थिक सुधार लाने का एक साधन है। गडकरी ने जोर देकर कहा, हमें (भाजपा को) भ्रष्टाचार मुक्त देश बनाना है और इसके लिए हमारे पास एक योजना होनी चाहिए। महाराष्ट्र की राजनीति का जिक्र करते हुए गडकरी ने तर्क दिया कि उनके गृह राय में जाति के आधार पर राजनीति करने का चलन है।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, मैंने इस चलन का अनुसरण नहीं करने का निर्णय किया है। मैंने लोगों से कहा है कि मैं जाति-आधारित राजनीति में नहीं पड़ूंगा।

# राहुल गांधी स्मृति ईरानी के बचाव में आए : कहा- उनके खिलाफ अपमानजनक भाषा ठीक नहीं



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** स्मृति ईरानी समेत चार पूर्व केंद्रीय मंत्रियों ने 11 जुलाई को लुटियंस दिल्ली में अपने सरकारी बंगले खाली कर दिए हैं। यह खबर सामने आने के बाद से लगातार सोशल मीडिया पर स्मृति ईरानी को ट्रोल किया जा रहा था। यह देखकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा नेता स्मृति ईरानी का बचाव किया है। राहुल ने ट्वीटर पर एक पोस्ट में लिखा- जीवन में हार-जीत तो होती रहती है।

मैं सभी से अपील करता हूं कि वे स्मृति ईरानी या किसी और नेता के लिए अपमानजनक भाषा के इस्तेमाल और बुरा व्यवहार करने से बचें। लोगों को अपमानित करना कमजोरी की निशानी है, ताकत की नहीं।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।

उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# मेयर मुनेश गुर्जर के खिलाफ बीजेपी पार्षदों ने खोला मोर्चा : प्रदेश अध्यक्ष और प्रभारी से की शिकायत, बोले-भ्रष्टाचारी कांग्रेसी मेयर को जल्द करें बर्खास्त

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर नगर निगम हेरिटेज में सियासी घमासान दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को जयपुर नगर निगम हेरिटेज के 30 से ज्यादा बीजेपी पार्षदों ने मेयर मुनेश गुर्जर को बर्खास्त कर उनके खिलाफ अभियोजन स्वीकृति देने की मांग को लेकर प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी और प्रदेश प्रभारी विजया राहटकर से मुलाकात की। इस पर पार्टी नेताओं ने भी जल्द मुनेश के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया।

बीजेपी पार्षद कुसुम यादव ने कहा- राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी का



स्वराज आ चुका है। बावजूद इसके कांग्रेस पार्टी की भ्रष्टाचारी मेयर मुनेश गुर्जर आज भी नगर निगम के मेयर पद पर काबिज है। इनके खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो में आरोप साबित हो चुके हैं। इसलिए आज हमने प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी और प्रभारी विजया राहटकर से मुलाकात कर मुनेश को बर्खास्त कर उनके खिलाफ अभियोजन स्वीकृति देने की भी मांग की है। ताकि नगर निगम हेरिटेज में जीरो टॉलरेंस की नीति पर एक बार फिर राम राज्य की स्थापना हो सके।

### मेयर ने जमकर भ्रष्टाचार किया

भाजपा नेता संजय जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की मेयर ने जमकर भ्रष्टाचार किया है। आज भी नगर निगम में बीजेपी की सरकार बनने के बावजूद भाजपा पार्षदों को परेशान होना पड़ रहा है। इन्हीं समस्याओं को लेकर हमने बीजेपी के बड़े नेताओं तक अपनी समस्या पहुंचाई थी। इस पर उन्होंने जल्द से जल्द समाधान का वादा किया है। हमें पूरी उम्मीद ही नहीं बल्कि विश्वास है की राजस्थान की भजनलाल सरकार जल्द जयपुर के पार्षदों की समस्या का समाधान करेगी। ऐसे में न सिर्फ मुनेश गुर्जर को बर्खास्त किया जाएगा। बल्कि, नगर निगम हेरिटेज में समितियां का गठन भी होगा। ताकि आम जनता के रोजमर्रा के काम के लिए उन्हें परेशान ना होना पड़े।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक ( राज. ) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक ( राज. ) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय फोन नं.01432-244881,निवाई 01438-222201,202,203, प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर ( राज. )
फोन नं.0141-2796794,2796795,E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा )